

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-40 सीहोर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

# देश में विकास के लिए स्वागत पर भारत धर्मशाला नहीं : अमित शाह

नई दिल्ली(ए)। आव्रजन और विदेशी नागरिकों से संबंधित विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पारित हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश में अल्पसंख्यक समूह सबसे सुरक्षित हैं और सरकार ने शरणार्थियों को हमेशा सुरक्षा प्रदान की है।अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि आव्रजन राष्ट्रीय सुरक्षा से निकटता से जुड़ा हुआ है और देश की सीमाओं में प्रवेश करने वालों की निगरानी करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आव्रजन कोई अलग मुद्दा नहीं है। देश के कई मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि देश की सीमाओं में कौन प्रवेश करता है। हम देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वालों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। यह 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' एक विधायी प्रस्ताव है, जो हमारी प्रणाली को सरल बनाएगा, इसे व्यवस्थित और सुरक्षित भी बनाएगा। सताए गए समुदायों को शरण देने में भारत की ऐतिहासिक भूमिका पर



प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा, भारत एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, न कि भू-राजनीतिक राष्ट्र। फारसी लोग भारत आए और आज देश में सुरक्षित हैं। दुनिया का सबसे छोटा अल्पसंख्यक समुदाय केवल भारत में सुरक्षित है। यहूदी इजरायल से भागकर यहां रह गए। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पड़ोसी देशों के छह उत्पीड़ित समुदायों के लोग सीएए के जरिए देश में शरण ले रहे हैं। इस विधेयक के महत्व को रेखांकित करते हुए अमित शाह ने कहा कि सरकार उन प्रवासियों का स्वागत करती है, जो भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, जो लोग देश में शिक्षा, व्यापार या रिसर्च के लिए आते हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने, और इसी वजह से हमने कई पुराने कानूनों को खत्म किया है। उन्होंने कहा, यहां शरण के लिए नहीं बल्कि स्वार्थी उद्देश्यों से आने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जो लोग देश की अर्थव्यवस्था और विकास में योगदान देने के लिए यहां आते हैं, उनका हमेशा स्वागत किया जाता है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी, अगर आप शांति भंग करने के लिए यहां आए हैं, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झाबुआ में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कन्या पूजन किया

### चिंतपूर्णी मंदिर में एलईडी स्क्रीन पर माता की पिंडी की जगह मरियम का चला वीडियो , श्रद्धालुओं में आक्रोश

ऊना (आरएनएस)। माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के समीप श्रद्धालुओं को माता के ऑनलाइन दर्शन करवाने के लिए लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीन पर बुधवार देर रात एक अप्रत्याशित घटना घटी। माता श्री छिन्नमस्तिका की पावन पिंडी का प्रसारण दिखाने की बजाय स्क्रीन पर अचानक ईसा मसीह की मां मरियम का वीडियो प्ले हो गया। इस घटना ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय दुकानदारों को हैरान कर दिया।माता की पावन पिंडी की जगह किसी अन्य धार्मिक वीडियो को देखकर बाजार में दर्शन के लिए पहुंचे लोग स्तब्ध रह गए। कई लोगों ने तुरंत अपने मोबाइल फोन निकालकर इस घटना को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने इस घटना के खिलाफ विरोध भी दर्ज कराया। मंदिर में स्क्रीन का संचालन करने वाले कर्मचारियों को जब तक स्थिति समझ में आई, तब तक मामला जिला प्रशासन तक पहुंच चुका था।

### भारत जल्द बनेगा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, पीछे रह जाएगा जापान, IMF ने कहा- 'सबसे तेज इकोनॉमी



नई दिल्ली (ए) ।भारतीय अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी IMF ने भारत पर भरोसा जताया है। आईएमएफ ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और FY25 की तीसरी तिमाही में ये जापान को पीछे छोड़ सकता है। वहीं 2027 तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को भी पीछे छोड़ सकता है। वैश्विक निकाय ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ दुनिया में सबसे तेज है और बीते 10 सालों में ये दोगुनी हो गई है। इस दौरान ये 105 फीसदी तक बढ़ी है। बता दें कि साल 2015 में भारत की जीडीपी 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी, जो कि IMF के मुताबिक अब बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।IMF के मुताबिक, भारत की जीडीपी फिलहाल जापान के बिल्कुल करीब पहुंच चुकी है। जहां India GDP 4.3 ट्रिलियन डॉलर है, तो वहीं जापान की GDP अभी 4.4 ट्रिलियन डॉलर है। अगर ऐसी ही रफ्तार जारी रही तो जल्द भारत, जापान से आगे होगा। सिर्फ इतना ही नहीं आईएमएफ ने तो यहां तक कहा कि जिस रफ्तार के साथ भारत आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए जापान से आगे निकलने के बाद साल 2027 की दूसरी तिमाही तक ये जर्मनी को भी पछाड़ देगा, जिसकी जीडीपी फिलहाल 4.9 ट्रिलियन डॉलर है। पिछले एक दशक में भारत ने कई प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में हाई जीडीपी ग्रोथ रेट दर्ज किया है।

## फ्लाइट की महंगी टिकट से सांसद भी परेशान, स्पीकर बोले-आधे घंटे की चर्चा कराऊंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। विमान यात्रा के अत्यधिक किराये से माननीय सांसद भी परेशान हैं। वैसे यह मसला अन्य हवाई यात्रियों से भी जुड़ा है।



सांसदों की इसी परेशानी के मामले को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सदन में आधे घंटे की चर्चा कराएंगे। सदन में प्रश्नकाल में 'उड़ान' योजना के तहत किफायती हवाई यात्रा के मुद्दे पर पूरक प्रश्न पूछे गए। इस विषय पर कई सदस्य पूरक प्रश्न पूछना चाह रहे थे। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ''कई सदस्य इस विषय पर पूरक प्रश्न पूछना चाहते हैं। मैं इस पर किसी दिन सदन में आंधे घंटे की चर्चा करा दूंगा।''दरअसल फ्लाइट से सफर करने वाले पैसेंजर्स की अक्सर शिकायत होती है कि छुट्टियों और त्योहारों के दौरान उन्हें फ्लाइट टिकट खरीदने के लिए कई गुना तक ज्यादा पैसे देने बोते हैं।

### अच्छा हुआ मेरी शादी नहीं हुई, सौरभ हत्याकांड नीले ड्रम को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने कही ये बड़ी बात

मेरठ (आरएनएस)। मेरठ का सौरभ हत्याकांड अभी पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले पर अब बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस समय अभी वर्तमान में नीला ड्रम बहुत फेमस है। बहुत ज्यादा वायरल है। बहुत सारे पति नीले ड्रम को लेकर सदमे में है। भगवान की कृपा है कि हमारी शादी नहीं हुई है।मीडिया से बातचीत में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'मेरठ का जो ये कांड हुआ। निश्चित रूप से यह बेहद ही निदंनीय है और दुर्भाग्य पूर्ण है। वर्तमान समाज में घटते हुए परिवार की व्यवस्था, पाश्चात्य संस्कृति का आगमन और लव के चक्कर में विवाहित पुरुष अथवा स्त्री पड़े हुए परिवारों को तलाक व परिवारों को मिटाने की साजिशों को पूर्ण कर रहे हैं।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के रातू रोड में रांची बंद 2025 के दौरान झारखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी का जल संरक्षण अभियान अब मध्यप्रदेश में बनेगा जन आंदोलन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के साथ मध्यप्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का "जल गंगा संवर्धन" महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ "जल गंगा संवर्धन अभियान" का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी 'खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।

हमारी धरा के कुल जल का केवल एक छोटा हिस्सा ही



पीने योग्य स्वच्छ जल के रूप में उपलब्ध है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत महासागरों में खारा जल है, जो पीने योग्य नहीं है। शेष 3 प्रतिशत मीठा जल है, लेकिन इसमें से भी अधिकांश हिमखंडों और बर्फ की चोटियों में जमा है। सिर्फ 0.5 प्रतिशत से भी कम पानी झीलों, नदियों और भूजल के रूप में उपलब्ध है, जिसे हम उपयोग कर सकते हैं। पृथ्वी पर स्वच्छ और पीने योग्य पानी की मात्रा बहुत ही सीमित है और इसे संरक्षित करना बेहद ज़रूरी है। इसीलिए मध्यप्रदेश सरकार ने जल बचाने के लिए कदम बढ़ाये हैं।

**जल बचाने लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान" में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान", प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग एवं प्राधिकरण साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे।

### सोना तस्करी मामला : कोर्ट ने खारिज की अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। बेंगलुरु की एक सेशन कोर्ट ने गुरुवार को सोना तस्करी मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की जमानत याचिका खारिज कर दी।उनकी जमानत याचिका तीसरी बार खारिज



की गई है। इससे पहले आर्थिक अपराध के लिए विशेष अदालत और मजिस्ट्रेट अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी राव को 14.2 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में 3 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपये से अधिक है।अभियोजन पक्ष ने अदालत में तर्क दिया है कि अभिनेत्री ने सोना खरीदने के लिए हवाला लेनदेन के इस्तेमाल करने की बात को स्वीकार किया है।अधिकारियों ने रान्या राव के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया है, क्योंकि इससे अन्य वित्तीय अनियमितताओं का पता चलेगा।अभिनेत्री के करीबी सहयोगी तरुण राजू मामले में दूसरे आरोपी हैं और उन्हें भी अपनी जमानत याचिका पर अदालत के फैसले का इंतजार है।इस बीच, सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को रान्या राव से जुड़े तस्करी के सोने को ठिकाने लगाने में संलिप्तता के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है।

### जान से मारने की धमकियों पर बोले सलमान खान- 'मैं किसी से नहीं डरता

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता ने भारी सुरक्षा के साथ घूमने-फिरने से होने वाली परेशानी पर प्रतिक्रिया दी। सलमान ने कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते, क्योंकि उन्होंने सब कुछ ईश्वर पर छोड़ दिया है।

सलमान खान जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं, जो 1990 के दशक में सुपरस्टार के काले हिरण के शिकार का बदला लेना चाहता है। 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान खान ने मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फाइव स्टार होटल में मीडिया से बात की और बताया कि भारी सुरक्षा के साथ बाहर आना- जाना परेशानियों का सबब बन जाता है। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते हैं और उन्होंने अपनी सुरक्षा की देखभाल भगवान पर छोड़ दी है। खान ने मीडिया से कहा, भगवान, अल्लाह सब बराबर हैं।

## 40 डिग्री का टॉर्चर, भीषण गर्मी ने अभी से तोड़ डाले रिकार्ड



नई दिल्ली , (आरएनएस)। मार्च के महीने में ही गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। हालात ऐसे है कि दिल्ली समेत कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री भी पार कर चुका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग तकनीकी तौर पर इसे हीटवेव में नहीं मान रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगर दो दिन तक लगातार तापमान 40 के पार रहता तो हीटवेव चल सकती है। वहीं, दूसरी तरफ भारत में बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। जिससे वर्ष 2035 तक देश की अधिकतम बिजली की मांग 180 गीगावाट (जीडब्ल्यू) से अधिक बढ़ सकती है और इससे बिजली प्रणाली पर दबाव पड़ेगा। बर्कले में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) में भारत ऊर्जा और जलवायु केंद्र (आईईसीसी) द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया है कि सबसे तेजी से विकसित हो रही यह प्रमुख अर्थव्यवस्था अगले 10 वर्षों में रूम एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना करके गंभीर बिजली की कमी से बच सकती है और उपभोक्ताओं के 2.2 लाख करोड़ रुपए (26 अरब डॉलर) तक बचा सकती है।

ताजा अध्ययन में कहा गया है कि भारत सालाना 1-1.5 करोड़ नए एसी जोड़ता है। नीतिगत हस्तक्षेप के बिना, अकेले एसी वर्ष 2030 तक 120 गीगावाट और वर्ष 2035 तक 180 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग को बढ़ा सकते हैं, जो अनुमानित कुल मांग का लगभग 30 प्रतिशत है। अध्ययन के प्रमुख लेखक और यूसी बर्कले के फैकल्टी निकित अभ्यंकर ने कहा, यह वृद्धि भारत की बिजली आपूर्ति से आगे निकल रही है और वर्ष 2026 की शुरुआत में ही बिजली की गंभीर कमी हो सकती है।



K&K
राजधानी समाचार





# पाणिग्रहण संस्कार 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अलीराजपुर में 1369 नव दम्पतियों को 7 करोड़ 52 लाख की राशि कन्यादान के रूप में दी

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पाणिग्रहण संस्कार, 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण है। आज अलीराजपुर में 1369 नव दम्पतियों को मुख्मयंत्री कन्या विवाह योजना में 7 करोड़ 52 लाख रूपये की राशि कन्यादान के रूप में दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वर (दूल्हों) से कहा कि हम बेटियों के रूप में अपने घर की रौनक आपको सौंप रहे हैं, इनका ख्याल रखना अब आपका दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को अलीराजपुर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अलीराजपुर के कलेक्टर को निर्देशित किया कि 220 केवी ग्रिड, ककराना घाट एवं कन्या खेल परिसर का प्रपोजल भेजे, जिससे अविलंब स्वीकृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प



वर्षा कर सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल नव-दंपत्तियों के परिजन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर की प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है। उन्होंने कहा कि नर्मदा मैया के किनारे बांध बनाने से अलीराजपुर क्षेत्र में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ा है और आर्थिक समृद्धि आई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिसम्बर 2024 में अलीराजपुर जिले को मिली लगभग 2000 करोड़ रुपए की सोंडवा उद्वहन परियोजना से 169 गाँवों को सिंचाई के लिए जल प्राप्त होगा। प्यासे खेत को जब पानी मिलेगा तो सोने के समान फसल प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। सरकार सभी कृषकों का गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कहा कि गेहूं के लिए 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जा रहा है। साथ ही दूध की खरीदी पर भी 5 रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना है, जिससे कृषकों को आय का नया साधन मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल्द ही जिला विकास समिति का गठन किया जाएगा।



## संस्कृति बचाओ मंच ने उठाई मांग,नवरात्रि में मीट दुकानें बंद हो, अष्टमी-नवमी पर शराब भी नहीं बिके

भोपाल(आरएनएस)। नवरात्र के दौरान भोपाल में मीट दुकानें बंद रखने की मांग की गई है। संस्कृति बचाओ मंच ने यह मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि महाष्टमी और नवमी पर शराब की बिक्री पर भी रोक लगाई जाए। मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया, 30 मार्च से हिंदू नववर्ष और नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवरात्र के नौ दिन तक मीट दुकानों को पूरी तरह से बंद रखने की मांग की है। जल्द ही मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। वहीं, भोपाल कलेक्टर को आवेदन सौंपकर यह मांग करेंगे। मंच के तिवारी ने बताया, भोपाल में कई मंदिरों से कुछ दूर ही मीट दुकानें हैं। यही से श्रद्धालु गुजरते हैं। इस कारण उपवास में अशुद्धता का भाव उत्पन्न होता है। इसलिए दुकानों को पूर्णत: बंद किए जाने की मांग है। मंच ने महाष्टमी और राम नवमी के दिन शराब की दुकानों को भी बंद करने की मांग की है। तिवारी का कहना है कि शहर में रोजाना लगभग 4 करोड़ रुपये की शराब बिकती है और 85 शराब की दुकानें हैं। इन खास दिनों पर शराब की बिक्री को बंद करने से धार्मिक माहौल और श्रद्धा को बढ़ावा मिलेगा।

## राज्य निर्वाचन आयोग में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। राज्य निर्वाचन आयोग में गुरूवार को इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में जिलों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने कहा कि मतदान के लिये अभी व्यापक तैयारियां करनी पड़ती है। हफ्ते भर पहले से मतदान दल तैयारी में लग जाता है। इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से मतदान कराने पर इन परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। इससे न्यायालयों में लगने वाली याचिकाओं में कमी आयेगी। उन्होंने इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव श्री सिंह इस माध्यम से कराये गए पिछले पंचायत उप चुनाव के अनुभवों को भी साझा किया। सचिव श्री सिंह ने कहा कि अगले आम नगरीय निकाय चुनाव इस प्रक्रिया के माध्यम से कराने का लक्ष्य है। उप श्रीमती संजू कुमारी ने पीपीटी के माध्यम से इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम की कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उप सचिव प्रदीप शुक्ला ने मतदान दल के गठन एवं रेण्डमाइजेशन और उप सचिव मुकुल गुप्ता ने सामग्री प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने महर्षि पतंजलि संस्थान के कैलेण्डर का किया विमोचन



भोपाल(आरएनएस)। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को मंत्रालय में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। कैलेण्डर में इस वर्ष की थीम भारतीय कालगणना को रखा गया है। इसके अंतर्गत माहवार काल की अवधारणा, कालमायन की इकाइयाँ. हिन्दी तिथियों का वैज्ञानिक आधार, सप्ताह, माह और वर्ष की अवधारणा, देवताओं व असुरों के दिन-रात, युग, ब्रह्मा की आयु, संवत्सर, ख/द्रग्द्र तथा संकल्प मन्त्र को स्थान दिया गया है। यह जानकारी भारतीय कालगणना की समझ के लिये अत्यंत उपयोगी रहेगी। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के निदेशक प्रभात राज तिवारी ने बताया कि अभी हमारे जितने केलेण्डर हैं, विक्रम संवत, ईसवी संवत, हिजरी संवत, कोई भी 2500 साल से पुराना नहीं है परंतु हमारा प्राचीन केलेण्डर भारतीय सभ्यता के अनुसार लाखों वर्ष पुराना है। उदाहरण के रूप में कलयुग के 5 हजार 125 वर्ष गुजर चुके हैं। इसके पूर्व सतयुग, द्वापर एवं त्रेता युग भी संपन्न हो चुके हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि भारतीय सभ्यता अत्यंत प्राचीन है। तथा दुनिया में इसका कोई भी समरूप नहीं है। इस कैलेण्डर में राज्य शासन के द्वारा घोषित समस्त शासकीय अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश को भी दर्शाया गया है, जिससे यह केलेण्डर बहुत उपयोगी बन गया है। इस केलेण्डर में तिथियों का परिवर्तन का समय भी दर्शाया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति यह निर्णय कर सकता है कि कौन सा त्यौहार कब से कब तक रहेगा। कैलेण्डर संबंधी विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.mpss-bhopal.org पर उपलब्ध है।

## रनिंग ट्रैन से मुसाफिर का मोबाइल डंडा मारकर गिराया, यात्री ने ट्रैन से कूदकर किया पीछा

### -ट्रैक पर गिरने से फरियादी हुआ घायल, लेकिन पीछा कर एक बदमाश को दबोच लिया

भोपाल(ए)। राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में मोबाइल झपटने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। पातालकोट एक्सप्रेस में गेट पर खड़े एक यात्री का बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। लेकिन यात्री भी चलती ट्रेन से ट्रैक पर कूद गया हालांकि इस चक्कर में वह घायल हो गया। लेकिन घायल होने के बाद भी उसने पीछा कर एक बदमाश को पकड़कर हबीबगंज पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को रानी कमलापति जीआरपी को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी दिव्य कौशल झा ने बताया की बीती 25 मार्च को वह पातालकोट एक्सप्रेस ट्रैन के के पीछे जनरल कोच में रेलवे स्टेशन इटारसी से रानी कमलापति स्टेशन का सफर कर रहे थे।

## 01663/01664 रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति ग्रीष्मकालीन विशेष साप्ताहिक ट्रेन 13-13 ट्रिप

### भोपाल मंडल के रानी कमलापति,नर्मदापुरम एवं इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (ए.)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति - सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13-13 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के नर्मदापुरम एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन ( 13 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा विशेष ट्रेन दिनांक 07 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को रानी कमलापति स्टेशन से शाम 16:30 बजे प्रस्थान कर, (उसी दिन) मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 17:40 बजे नर्मदापुरम, शाम 18:15 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन ( 13 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति विशेष ट्रेन दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को शाम 18:30 बजे सहरसा स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 18:35 बजे इटारसी, शाम 19:20 बजे नर्मदापुरम एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झाबुआ में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में कन्या पूजन किया।

# पत्नी ने ससुराल जाने से किया इनकार, पति ने कर लिया सुसाइड



भोपाल(आरएनएस)। मकर संक्रांति पर मायके गई महिला ने पति के साथ ससुराल लौटने से इनकार कर दिया। ढाई महीने तक पति और ससुराल वाले पत्नी को घर वापस लाने की कोशिश करते रहे। लेकिन वह लौटने को तैयार नहीं हुई। बुधवार को पति आखिरी बार पत्नी को लाने उसके मायके गया। लेकिन इस बार भी पत्नी वापस नहीं लौटी। इससे दुखी होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। बुधवार रात पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।प्रेम साहू (30) पुत्र गुलाब साहू निवासी शिव नगर फेस-3 छोला लोडिंग ऑटो चलाता था। उनके भाई हरीश साहू ने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर भाभी मायके गई थीं। इसके बाद वह नहीं लौटी। मां और भैया कई बार उन्हें मनाने गए। लेकिन वह नहीं लौटीं। बुधवार को भैया भाभी को लाने का बोलकर घर से निकले।रात को अकेले ही लोडिंग ऑटो चलाते हुए घर लौट आए, कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां होने लगी। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि जहरीला पदार्थ खा लिया है। रंजना लौटने को तैयार नहीं है। तत्काल भैया को लेकर डीआईजी हॉस्पिटल पहुंचे, वहां से हमीदिया रेफर कर दिया गया। सुबह इलाज के दौरान भैया की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की है।प्रेम और रंजना की 6 साल पहले अरेंज मैरिज हुई थी। दोनों की कोई संतान नहीं थी। इस बात को लेकर भी प्रेम परेशान रहते थे। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की सभी एंगल पर जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों के डिटेल बयान अभी दर्ज नहीं किए जा सके हैं।

## शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने भाजपा नेता के घर में घुसकर पत्थर बरसाए

भोपाल (आरएनएस)। बागसेवनिया में शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने भाजपा नेता के घर जमकर हंगामा मचाया। आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और पत्थर मारकर घर के कांच फोड़ दिए। इतना ही नहीं फरियादी परिवार की कार में भी आरोपियों ने तोड़फोड़ की है। आरोपी पीड़ित परिवार के घर के सामने आए दिन शराब पीते हैं। रोकने पर विवाद करते हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।फरियादी भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक दीपक नायर (31) हैं। दीपक बागसेवनिया के अमराई में रहते हैं और टेंट हाउस संचालन के साथ ही केटरिंग के ठेके लेते हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि 24 और 25 मार्च की रात करीब साढ़े 12 बजे इलाके के 6 बदमाश डंडों से लैस होकर आए। पहले उन्होंने घर से दूर खड़ी उनकी कार को पूरी तरह से फोड़ दिया। फिर घर का चैनल गेट तोड़ कर अंदर घुस आए।बदमाशों ने घर के कांच भी फोड़ दिए। इस घटना के बाद से ही उनका पूरा परिवार दहशत में है। घटना के दौरान फरियादी के घर में उनकी मां, पत्नी और दो छोटी बेटियां थी। जब बदमाश घर में घुसे तो वो ऊपर वाले कमरे में सो रहे थे। बदमाशों के घर में घुसते ही उनकी नींद खुल गई और वो नीचे आए। हालांकि तब तक बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम सिंह समेत 6 अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।थाना प्रभारी अमित सोनी के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों से फरियादी का पुराना विवाद था, फिलहाल आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सभी की पहचान कर ली गई है।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले, गन्ने की चरखी, काउंटर, गुमठी, दुकानें, टेबिल, रेत, ईंट, गिट्टी, नाली के ऊपर से अवैध अतिक्रमण, बिल्डिंग मटेरियल का सामान, चाय ठेला, फुटपाथ से सब्जी वाले, पंचर की दुकान का अवैध छप्पर, चादर, बांस बल्ली व अन्य अतिक्रमण हटवाकर ठेला चरखी, सादा ठेला, चरखी, छत ठेले, सिलेंडर, पेटीस मशीन, फायबर स्टूल, पुरानी कैरेड, कांटे पल्वे वाले, टेऊ अद्दी, लोहे की चैन आदि सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को शाहपुरा, एम.पी.नगर जोन-01, सांई बोर्ड, 12 नंबर, न्यू मार्केट, नेहरू नगर, कोटरा, बरखेड़ी, करोद चैराहा, फिज़ा कालोनी, चांदबढ़, नर्मदापुरम रोड, इंडस टाउन, इंटस टाउन फेस-02, गांधी नगर, झूलेलाल मार्केट, अवधपुरी, शिव संगम नगर, मनीषा मार्केट, लेडी हास्पिटल से जहांगीराबाद तक, भरत नगर, आईएसबीटी, बैरागढ़ नंदा नगर, हमीदिया रोड, आई.टी.आई., जेके रोड, गोविन्दपुरा, लिंक रोड नं. 01, 02, व 03, कोलार आम्रविहार कालोनी, फाईन एवेन्यू, सर्वधर्म से चूना भट्टी तक ठेले, गन्ने की चरखी, काउंटर, गुमठी, दुकानें, टेबिल, रेत, ईंट, गिट्टी, नाली के ऊपर से अवैध अतिक्रमण, बिल्डिंग मटेरियल का सामान, चाय ठेला, फुटपाथ से सब्जी वाले, पंचर की दुकान का अवैध छप्पर, चादर, बांस बल्ली व अन्य अतिक्रमण हटवाकर 01 ठेला चरखी, 05 सादा ठेला, 01 चरखी, 04 छत ठेले, 01 सिलेंडर, 02 पेटीस मशीन, 03 फायबर स्टूल, 125 पुरानी कैरेड, 02 कांटे पल्वे वाले, 01 टेऊ 01 अद्दी, 01 लोहे की चैन आदि सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

# विविध-समाचार

## कूड़े के ढेर पर मिले नवजात की मौत

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में कूड़े के ढेर में चार दिन पहले मिले नवजात ने गुरुवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। निशातपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बच्चे को फेंकने वाले का फिलहाल सुराग नहीं मिला है। पुलिस आंगनबाड़ियों से भी गर्भवती महिलाओं की जानकारी जुटा रही है। आसपास के अस्पतालों से भी हाल ही में जन्मे बच्चों की जानकारी मांगी गई है।

जांच अधिकारी आरपी भारती ने बताया 23 मार्च को एक नवजात बच्चा कचरे के ढेर पर बोरी में बंद मिला। वहां से गुजर रहा एक टैक्सी ड्राइवर बच्चे के रोने की आवाज सुनकर रुका। जब उसने बोरी खोलकर देखा तो उसमें बच्चा था।

मामला करोंद क्षेत्र में पीले क्वार्टर इलाके में शनिवार देर रात का है। इसके बाद टैक्सी ड्राइवर मुश्ताक खान ने निशातपुरा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। बच्चे को कमला नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई।

घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। इसलिए बच्चे को फेंकने वाले की पहचान करने में मुश्किल हो रही है। पुलिस अब घटना स्थल की ओर आने वाले सभी रास्तों के फुटेज खंगाल रही है। बच्चे के शरीर पर जंगली जानवरों द्वारा खरोंचने के निशान मिले थे।

## कटारा हिल्स ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में राजयोगिनी दादी जानकी का स्मृति दिवस मनाया गया

भोपाल(आरएनएस)। कटारा हिल्स स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोगिनी दादी जानकी की तीसरी स्मृति दिवस पर वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर भानु भ्राता विक्रम भाई उपस्थित रहे। साकेत नगर प्रभारी राजयोगिनी अंजू दीदी, ब्रह्माकुमारी दिव्या बहन और ब्रह्माकुमार सुवेंद्र भाई भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

राजयोगिनी अंजू दीदी ने दादी जानकी जी के जीवन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें दादी जी के समान आधार और उधार मूर्त बनना चाहिए। उन्होंने सभी को सच्चाई और सफाई से जीवन जीने की प्रेरणा दी। साथ ही बाबा की श्रीमत पर चलने का संदेश दिया। अंजू दीदी ने यह भी कहा कि दादी की तरह हमें भी बाबा से और बाबा की मुरली से प्यार करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## आनंद विहार विद्यालय में तीन दिवसीय शिक्षक ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया

भोपाल (आरएनएस)। तुलसी नगर स्थित आनंद विहार विद्यालय में तीन दिवसीय शिक्षक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता नीता असीम श्रीवास्तव ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय से एमबीए में गोल्ड मेडलिस्ट नीता श्रीवास्तव ने शिक्षकों को व्यक्तित्व निर्माण और तनाव मुक्त जीवन के गुर सिखाए। उन्होंने पहनावा, बॉडी लैंग्वेज, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही योग-प्राणायाम के महत्व और नई तकनीक से अपडेट रहने की जानकारी दी।कार्यक्रम में वनिता समाज की प्रेसिडेंट अर्चना बागची, विद्यालय चेयरपर्सन मधु सरन, सचिव जीवन राव, कोषाध्यक्ष कृष्णा विजयवर्गीय और एडवाइजर हीना बोस द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय प्राचार्य शैलेश झोपे ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कॉर्डिनेटर माधुरी गावंडे ने किया। अंग्रेजी की शिक्षिका कनक तिवारी के आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बावड़ियाकलां में शराब दुकान खोलने का विरोध

भोपाल(आरएनएस)। बावड़ियाकलां चौक में शराब दुकान खोलने के विरोध में गुरुवार को लोग सड़क पर उतर गए। उनका कहना था कि जिस जगह दुकान खोली जा रही है, उससे सिर्फ50 मीटर दूर ही अस्पताल और रहवासी इलाका है। वहीं, मंदिर होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। यहां पर दुकान के लिए स्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। गुरुवार को जैसे ही लोगों को यहां दुकान खुलने की खबर मिली, वे एकजुट होकर विरोध करने लगे। कॉलोनी के महिला-पुरुष मैदान में उतर गए। उनका कहना था कि अस्पताल और धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खोलना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यह सामाजिक माहौल को भी बिगाड़ सकता है।रहवासियों ने कहा कि कॉलोनी के गेट के पास ही शराब दुकान खोली जा रही है। यह फैसला न सिर्फगलत है, बल्कि सरकार की मंशा के भी खिलाफहै। लोगों ने प्रशासन से इस दुकान को खुलने से रोकने की मांग की है। वहीं, चेतावनी दी कि यदि इसे हटाया नहीं गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने बौद्ध विहार में मांगलिक भवन निर्माण हेतु किया भूमिपूजन

भोपाल (आरएनएस)। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने साक्य पुत्र सागर भंते जी के साथ चूना भट्टी स्थित बौद्ध विहार में मांगलिक भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया। बौद्ध विहार में 16 लाख 50 हजार रुपये की लागत से मांगलिक भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जायेंगे। इस अवसर पर राहुल भंते जी सहित अनुयायी व श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने गुरूवार को कोलार रोड चूना भट्टी स्थित बौद्ध विहार में मांगलिक भवन व अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बौद्ध विहार हमारी आस्था और सामाजिक चेतना का केन्द्र है, यहां भगवान गौतम बुद्ध की प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित है। यहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होते है जिसमें देश-विदेश से मेहमान भी यहां आते है। सूर्यवंशी ने कहा कि बौद्ध विहार में बाहर से आने वाले अतिथियों, अनुयायियों को सुविधाओं के अभाव में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पडता था। सूर्यवंशी ने कहा कि बौद्ध विहार 16 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण व अन्य सुविधाओं उपलब्ध कराई जायेंगी और भविष्य में इस स्थान को और अधिक सुंदर व विकसित करने का कार्य भी करेंगे।

## प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान एक से 4 अप्रैल तक

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान प्रदेश में एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जा रही है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले से 200 तीर्थ यात्री वाराणसी काशी तथा आयोध्या के लिए हुए रवाना

उमरिया(आरएनएस)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत उमरिया जिले से 200 तीर्थ यात्रियों का जत्था स्पेशल ट्रेन से वाराणसी काशी आयोध्या के लिए रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों का स्वागत गाजे बाजे एवं पुष्प वर्षा के साथ किया गया। तीर्थयात्रियों को छोडने आये उनके परिवार जन आए हुए थे। रेल्वेर स्टेशन में उत्साह का वातावरण रहा । जिला प्रशासन व्दारा तीर्थयात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना नही करना पडे , के लिए राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों के अमले को रेल्वे स्ट्रेशन में तैनात किया गया था । सभी यात्रियों को परिचय पत्र वितरित किए गए तथा स्टेशन में स्वल्पाहार भी कराया गया ।

# गैंगमैनों के नाम पर आई करोड़ों की राशि दूसरे खातों में कर दी ट्रांसफर, PWD के 15 लोगों पर FIR




शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी में पीडब्ल्यूडी संभाग-1 में सात करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ, जहां गैंगमैनों के नाम पर आई सरकारी राशि अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश भोपाल की जांच में अनियमितता पकड़ी गई। शिवपुरी कलेक्टर के आदेश पर 15 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज हुई।

शिवपुरी जिले में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। पीडब्ल्यूडी संभाग-1 में गैंगमैनों के नाम पर प्राप्त सरकारी राशि को हेराफेरी कर अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। इस घोटाले की कुल रकम सात करोड़ रुपये आंकी गई है। आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा इस घोटाले का पर्दाफाश किया गया, जिसके बाद शिवपुरी कलेक्टर के आदेश पर कोतवाली थाने में 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन की दी गई जानकारी

**- तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

मऊ (आरएनएस )। राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कुशमौर के निदेशक डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित तीन दिवसीय 'गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन' प्रशिक्षण कार्यक्रम में औरंगाबाद बिहार से आए 36 किसानों ने भाग लिया। कृषि प्रौद्योगिकी और प्रबंध अभिकरण औरंगाबाद बिहार द्वारा प्रायोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 से 27 मार्च तक चला और गुरूवार को इसका सफ्लतापूर्वक समापन हुआ।


## प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा अब एसएनएच में उपलब्ध : डॉ संजय सिंह

### - शारदा नारायण सिप्स ने आयोजित किया चिकित्सक संवाद, दी जानकारी



मऊ (आरएनएस )। प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में हो रही आधुनिक खोज का लाभ जनपदवासियों को भी मिलेगा। शारदा नारायण हास्पिटल के माध्यम से प्रदेश के सबसे बड़े प्लास्टिक सर्जरी के केंद्र सिप्स लखनऊ में सभी प्रकार की सर्जरी बहुत ही सस्ते खर्च में उपलब्ध है। जन्मजात असमान्यताओं के साथ कास्मेटिक व पुनर्निर्माण प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रसिद्व चिकित्सक, डॉ संजय सिंह ने यह उदगार शारदा नारायण सिप्स द्वारा आयोजित चिकित्सक संवाद में बुधवार की देर शाम व्यक्त किया। सिप्स लखनऊ के प्लास्टिक सर्जन डॉ रितेश पुरवार तथा डॉ आरके मिश्र ने प्रजेंटेशन के माध्यम से प्लास्टिक सर्जरी के विविध विषयों पर स्लाइड के माध्यम से प्रकाश डाला।

## ससुर-देवर ने मिलकर महिला को उतारा मौत के घाटः दोनों आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, सामने आई ये चौंकाने वाली वजह




ग्वालियर(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में महिला की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद किया। फ्लिहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

**-यह है पूरा मामला**

मामला ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र का है। रविदास नगर में रहने वाली 40 वर्षीय भारती जाटव का मकान को लेकर देवर राहुल और ससुर अतर सिंह से विवाद चल रहा है। इसी के चकते बुधवार देर रात राहुल और अतर सिंह भारती के घर पहुंचे। जहां एक बार फ्रि मकान को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि, राहुल और अतर सिंह ने भारती की चाकू गोदकर हत्या कर दी।

# मॉल में धोती पहनने पर विवाद, युवाओं ने किया विरोध प्रदर्शन



इंदौर (ए.)। इंदौर के एक मॉल में धोती पहनने पर विवाद हुआ और बाद में बड़ी संख्या में युवा मॉल में पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ये सभी युवा धोती पहने हुए थे और इन्होंने भारतीय परिधान पहनने के पक्ष में नारे भी लगाए।

क्या है मामला

देवास के विजय सिंह ठाकुर नाम के जिम संचालक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि इंदौर के एक मॉल में वह धोती पहनकर गए तो वहां के सुरक्षाकर्मियों ने उनसे विवाद किया। इसके बाद जब यह वीडियो वायरल हुआ तो सोशल मीडिया पर भारतीय परिधानों के प्रति लोगों की भावनाएं उमड़ गईं। रविवार को विजय सिंह ठाकुर अपने दोस्तों के साथ मॉल गए थे। उन्होंने उस समय हुए विवाद का वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसके बाद कल बुधवार को फिर वे अपने दोस्तों के साथ मॉल में गए और धोती पहनकर पूरे मॉल में घूमे। उस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में युवा थे जो सभी धोती पहने हुए थे। सभी ने सोशल मीडिया के लिए खूब रील्स बनाई और कहा कि भारतीय परिधानों पर हम सभी को गर्व होना चाहिए।

**एक मिलियन से अधिक लोगों ने देखा**

विजय सिंह ठाकुर का यह वीडियो एक मिलियन से अधिक लोगों ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। विजय ने लिखा है कि हिन्दू हो तो यह वीडियो जरूर शेयर करो। इसे 70 हजार लोगों ने लाइक किया है।

## जीएसटी रिटर्न समय से करें दाखिल : उपायुक्त राज्य कर

मऊ (आरएनएस )। उपायुक्त राज्य कर विकास सागर की अध्यक्षता में ईंट भट्ठा एसोसिएसन के पदाधिकारियों और भट्ठा संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक राज्य कर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त राज्य कर विकास सागर ने बताया कि जनपद के सभी भट्ठा संचालक कोयले की खरीद और भट्ठे की क्षमता के अनुसार सही-सही बिक्री घोषित कर समय से जीएसटी और रिटर्न दाखिल करें जिससे जनपद के राजस्व में वृद्धि हो।

# भावना हत्याकांड के तीनों आरोपी गिरफ्तार, मुकुल से चली थी गोली

इंदौर (ए.)। इंदौर में हुए भावना हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस हत्याकांड के आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस ने इन पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी आशु यादव,मुकुल और स्वास्तिका को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है, ताकि वे विदेश न भाग सके।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भावना को मुकुल के हाथ से चली गोली लगी थी। जो उसकी मौत की वजह बनी। पुलिस ने आरोपियों को दतिया से पकड़ा है। आरोपी इंदौर में भावना को बांबे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भाग गए थे। पुलिस के अनुसार आरोपी बस में बैठकर इंदौर से भोपाल गए। वहां पर विख्यात पाठक के घर पर रुके थे। इस वजह से उसे भी केस में आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी भोपाल से दतिया गए। अफसरों ने ग्वालियर और दतिया में उनके परिजनों से भी पूछताछ की, लेकिन आरोपियों ने अपने परिजनों से भी संपर्क नहीं किया



है। इंदौर के महालक्ष्मी नगर में विख्यात पाठक ने रेंट एग्रीमेंट कराया था। वह आशु का दोस्त है।

**पार्टी के समय क्या हुआ था ?**

पुलिस के अनुसार पार्टी के समय भावना घर जाने के लिए कह रही थी। उसी समय हादसा हुआ। मुकुल के हाथ से चली गोली भावना की आंख में लगी। इसके बाद आरोपी उसे बांबे अस्पताल लेकर गए थे। भावना को भर्ती कराने के बाद वे वहां से भाग गए थे। उन्होंने अपनी कार निपानिया क्षेत्र में छोड़ दी थी। हत्या के चार दिन बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भावना सिंह की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्वालियर में कैंडल मार्च भी निकाला गया था। भावना ग्वालियर की निवासी थी।

**नेपाल भागने की तैयारी में थे आरोपी**

पुलिस को जानकारी मिली थी आरोपी आशु अपने दोस्तों के साथ हिमाचल प्रदेश के कसौली में छुपा है। पुलिस की टीम ने वहां छापा मारा, लेकिन तब तक वह वहां से भाग चुके थे। यह पता चला था कि वे ग्वालियर, झांसी, कानपुर के रास्ते नेपाल भागने की तैयारी में थे। वे दतिया में रुके थे। वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया

**सट्टे का केस भी दर्ज**

आरोपी आनलाइन सट्टे एप परका काम भी करते थे। जिस फ्लैट में भावना की हत्या हुई थी। वहां से पुलिस ने 20 से ज्यादा मोबाइल, लैपटॉप और 50 से अधिक एटीएम कार्ड 60 बैंकों की पासबुक भी मिली थी। इंदौर से वे देशभर में सट्टे का कारोबार करते थे। पुलिस ने हत्या के अलावा सट्टेबाजी का केस भी दर्ज किया है।

# इंदौर शहर में नहीं लगेगा नया टैक्स, 3 अप्रैल को पेश होगा नगर निगम का बजट

इंदौर (ए.)। इंदौर नगर निगम 3 अप्रैल को बजट पेश कर रहा है। इस साल कोई नया टैक्स तो नहीं लगेगा, लेकिन पिछले बजट में प्रॉपर्टी टैक्स के जो रेट जोन बदले है। उसे इस वित्तिय वर्ष में लागू किया जाएगा। इस साल मास्टर प्लान की सड़क और नर्मदा के चौथे चरण पर नगर निगम का फोकस रहेगा। बजट को लेकर बैठकों का दौर भी जारी है।

इस साल का बजट आठ हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का होगा। सबसे ज्यादा खर्च जनकार्य विभाग के लिए रखा जाएगा। सिंहस्थ को




देखते हुए भी नगर निगम शहर में काम करेगा। 3 अप्रैल को बजट पेश किया जाएगा। उसके बाद 4 अप्रैल को बजट पर चर्चा होगी और उसे बहुमत के आधार पर पारित किया जाएगा। नगर निगम सीमा में जुड़े 29 गांवों के लिए भी निगम बड़ा पैकेजे देगा। इन क्षेत्रों में 300 करोड़ से ज्यादा के काम होना है।

**नए टैक्स से बढ़ेगी आय**

नगर निगम टैक्स के माध्यम से अपनी आय बढ़ाएगा। नए रेट जोन से निगम को हर साल 11 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। इसके अलावा मनोरंजन कर से भी पांच करोड़ से ज्यादा की कमाई नगर निगम को होगी। जीआरआई सर्वे के आधार पर भी संपत्तिकर बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। शहर में नए निर्माण हो चुके है, लेकिन शहरवासी वर्षों पुरानी स्व निर्धारण कर प्रणाली के आधार पर ही टैक्स देते है। सर्वे के बाद टैक्स में भी बढ़ौत्री होगी।

# व्यापार समाचार

## अब यूपीआई और एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा





नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे।

इस अपडेट के साथ कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपये तक निकाल सकेंगे।

उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है, जिसमें कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं। हालांकि, यूपीआई इंटीग्रेशन के साथ, निकासी तत्काल और परेशानी मुक्त हो जाएगी। कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। डावरा ने कहा, ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है।

# अदाणी ग्रुप के दिव्यांग कर्मचारी ने व्हीलचेयर से की 'बंजी जंपिंग', गदगद हुए गौतम अदाणी, बोले 'इच्छाशक्ति अहम'



नई दिल्ली (ए)। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने गुरुवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से ग्रुप के एक दिव्यांग कर्मचारी का वीडियो शेयर किया। अदाणी ग्रुप में काम करने वाले 'के मेहता' इस वीडियो में उत्तराखंड के ऋषिकेश में बंजी जंपिंग करते हुए दिखाए गए हैं। व्हीलचेयर पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह के एडवेंचर का हिस्सा बनने पर गौतम अदाणी ने के मेहता को प्रेरणा का स्रोत बताया।बंजी जंपिंग एक एडवेंचर स्पोर्ट है, जिसमें व्यक्ति एक बड़ी रस्सी से बंधे होने के साथ ऊंचाई से कूदता है।गौतम अदाणी ने पोस्ट में लिखा, 卐अधिकतर लोग रोमांच के लिए ऐसा करते हैं। हमारे अपने अडानियन 'के मेहता' ने एक स्टेटमेंट देने के लिए ऐसा कर के दिखाया। ऋषिकेश की ऊंचाइयों से, अपनी व्हीलचेयर पर बंधे हुए, के ने एक ऐसी छलांग लगाई जिसने दुनिया को बताया कि कोई भी बाधा, कोई भी डर, इच्छाशक्ति को नहीं रोक सकता। गौतम अदाणी ने आगे कहा, 卐के, आप न केवल हमें प्रेरित करते हैं बल्कि आप अडानियन होने का मतलब फिर से परिभाषित भी करते हैं। हम करके दिखाते हैं एचकेकेडीएच (हैशटैग)।

## शेयर बाजार बढ़त पर बंद

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। अमेरिका के वाहन आयात पर नए टैरिफ की घोषणा से वैश्विक बाजारों में आई कमजोरी के बाद भी घरेलू बाजार में बढ़त रही। वित्तीय स्टॉक में आये उछाल से आज बाजार ऊपर आये। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 317.93 अंक करीब 0.41 फीसदी ऊपर आकर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ।वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी अंत में 105.10 अंक तकरीबन 0.45 फीसदी की बढ़त के के साथ्ज्ञ ही 23,591.95 पर बंद हुआ।आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इनमें 2.85 फीसदी तक की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल के शेयर नीचे आये। इसमें 5.38 फीसदी तक की गिरावट रही। 13 प्रमुख क्षेत्रो में से ग्यारह में बढ़त रही।

## भारतीय एयरलाइन गर्मियों के सीजन में प्रति सप्ताह 25,610 फ्लाइट्स ऑपरेट करेंगी

नई दिल्ली ,,(आरएनएस)। भारत की कमर्शियल एयरलाइन आने वाले गर्मियों के सीजन में 25,610 फ्लाइट्स प्रति सप्ताह ऑपरेट करेंगी। इसमें पिछले साल के मुकाबले 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी।



गर्मियों का सीजन 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक होगा। इस सीजन में फ्लाइट्स की संख्या सर्दियों के सीजन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत अधिक है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रति सप्ताह 467 अतिरिक्त फ्लाइट्स संचालित करेगी, जो कि सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।डीजीसीए के बयान के अनुसार, इंडिगो सबसे अधिक साप्ताहिक घरेलू फ्लाइट्स संचालित करेगी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी एयरलाइन प्रति सप्ताह 14,158 प्रस्थान करेगी। इसके बाद एयर इंडिया (4,310) और एयर इंडिया एक्सप्रेस (3,375) का स्थान है।

स्पाइसजेट के स्लॉट्स में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है और प्रस्थान की संख्या पिछले साल के 1,657 के मुकाबले इस साल 1,240 रह गई है।

डीजीसीए ने यह भी बताया कि एलायंस एयर और फ्लाईबिग जैसी क्षेत्रीय एयरलाइनों की उड़ानों की संख्या में क्रमश: 41.96 प्रतिशत और 30.98 प्रतिशत की कमी आई है।

## अब एटीएम से पैसे निकलवाना होगा महंगा, 1 मई से इतने रुपये बढ़ सकता है चार्ज



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अक्सर हम कैश निकालने के लिए एटीएम मशीन का उपयोग करते हैं, जिससे 24म7 कभी भी पैसा निकाला जा सकता है। वर्तमान में, एक निर्धारित लिमिट तक एटीएम से कैश निकासी पर कोई शुल्क नहीं लगता। हालांकि, लिमिट पार करने पर आपके खाते से निश्चित शुल्क काटा जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 2025 से यह शुल्क बढ़ाया जा सकता है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक, आरबीआई और एनपीसीआई ने मिलकर इस बदलाव का निर्णय लिया है। वर्तमान में, कैश निकासी पर लगभग 17 रुपये शुल्क लिया जाता है जिसे बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया जाएगा। वहीं, मिनी स्टेटमेंट, बैलेंस चेक जैसे गैर-वित्तीय लेन-देन पर लगाया जाने वाला 6 रुपये का शुल्क बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लेन-देन कर दिया जाएगा।केंद्रीय बैंक के निर्देशानुसार, सभी ग्राहक एक तय लिमिट तक एटीएम से बिना शुल्क के कैश निकाल सकते हैं। मेट्रो शहरों (जैसे मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलुरू) में हर महीने व्यक्ति तीन निशुल्क ट्रांजेक्शन कर सकता है।

# देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी 'इनोवेशन' : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया।'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की



सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा।

रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, हमारे अमृत काल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, आरएंडडी की एक महत्वपूर्ण होगी। हम नई टेक्नोलॉजी और विचारों का एक पावर हाउस बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## आर्थिक धोखाधड़ी से सीख जरूरी

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने संसद में बताया कि बीते दस सालों में बैंकों ने 16.35 लाख करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाले हैं। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को बैंक बट्टे खाते में डालते हैं।

आंकड़ों के अनुसार 2014-15 में यह रकम लगभग 59 हजार करोड़ थी, जो 2023-24 में 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। सदन में बड़े कर्जदारों और औद्योगिक घरानों के लिए बट्टे खातों में डाले गए कर्ज के बारे में प्रश्न पूछे गए थे। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं को देनदारियों में छूट नहीं मिलती। अलबत्ता, यह जरूर कहा कि कर्ज और बट्टे खाते में डाले गए कुल एनपीए का वषर्वार ब्योरा रखा जाता है।

यह राशि बट्टे खाते में डाली गई कुल राशि का लगभग 57 प्रतिशत है। हालांकि कंपनियों के नाम पर आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45ई के तहत उधारकर्ता का खुलासा निषिद्ध है। लेकिन बैंकों की तरफ से देय राशि की वसूली के संबंध में उधारकर्ताओं को लगातार फोन किया जाता है, और पत्र/ईमेल भी भेजे जाते हैं। राशि के आधार पर बैंक कॉरपोरेट उधारकर्ताओं के दीवालियापन समाधान के लिए कंपनी लॉ न्यायाधिकरण से भी संपर्क करता है।

समय-समय पर सरकार के पक्षपाती रवैये पर ऋणमाफी को लेकर आरोप भी लगते रहते हैं जबकि इसकी तुलना में 2008 में यूपीए सरकार द्वारा मात्र 60 हजार करोड़ रुपये की कृषि माफी से की जा सकती है। सोलह लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि मोदी सरकार के कार्यकाल में बट्टे खाते में डाली गई, जो साल-दर-साल बढ़ती नजर आ रही है। सिर्फ बैंकों के बही-खातों को दुरुस्त रखने या मोटी राशि बट्टे खातों में छिपाने से अर्थव्यवस्था प्रधानमंत्री के दावों पर खरी नहीं उतर सकती।

जैसा कि सीतारमण ने स्वीकारा भी कि ऋण की देनदारी बनी रहती है, मगर सरकार को सख्त नियम लागू करने में देर नहीं करनी चाहिए। असल सवाल है कि इस विशाल धनराशि के बट्टे खाते में डाले जाने का नुकसान किसको उठाना होगा।

बैंकों पर ठीकरा फोड़ना मात्र मन-बहलाव है क्योंकि वे तो धन-प्रबंधक भर हैं। उद्योगपतियों की आर्थिक आपराधिक गतिविधियों का खमियाजा अंततः देश को भुगतना पड़ता है। बड़े औद्योगिक घरानों का पक्ष लेने और उनकी ऋणमाफी से सरकार जमाकर्ताओं को ज्यादा देर धोखा नहीं दे सकती। अब बैंकों की कंगाली और उनके साथ आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं से सीख लेनी जरूरी है।



नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत.

# तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या

**अमित बैजनाथ गर्ग**

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में देश-दुनिया में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाने में ऐसी चीजों का प्रयोग मत कीजिए जिनसे मोटापा बढ़े।

इनकी जगह शुद्ध सात्विक चीजों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए मोटापे की समस्या से निपटना होगा। मोटापे से निजात पाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने खाने में तेल का उपयोग कम करने की सलाह देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों की वजह बनता है। इससे मोटापे के साथ ही डायबिटीज, बीपी और दिल की बीमारियों का खतरा बना रहता है, इसलिए हमें तेल के अधिक प्रयोग से बचना जरूरी है। पीएम मोदी ने पहले भी मोटापा कम करने के लिए कहा है। इससे एक बार फिर महामारी बनती मोटापे की बीमारी पर देश भर में चर्चा छिड़ गई है। दुनिया भर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है। रिपोर्ट कहती हैं कि महिलाओं में पुरु षों के मुकाबले मोटापा अधिक है। महिलाओं में मोटापे की दर 9.8 फीसद है वहीं पुरु षों में यह 5.4 फीसद है, जबकि लड़कियों में मोटापे की दर 3.1 फीसद और लड़कों में 3.9 फीसद है।

बच्चों में भी मोटापा चार गुना तक बढ़ गया है। भारत में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरु ष पेट से जुड़े मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा है। दक्षिण भारत में मोटापा अधिक है। केरल, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली में मोटापे की दर ज्यादा है। मध्य



प्रदेश और झारखंड में मोटापे की दर कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, 2022 में एक अरब से ज्यादा लोग इस समस्या से जूझ रहे थे। अध्ययन कहता है कि 2022 में अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या करीब 43 फीसद थी। यूरोप में अधिक वजन या मोटापा लोगों की मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है।

एक अनुमान के मुताबिक, मोटापे के चलते पूरी दुनिया में हर वर्ष 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अधिक वजन वाले और मोटापा ग्रस्त लोग कोविड महामारी के परिणामों से अलग-अलग रूप से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अक्सर अधिक गंभीर बीमारी और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिक वजन या मोटापे को कम से कम 13 विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण माना जाता है, जो पूरे यूरोप में सालाना कैंसर के कम से कम दो लाख नये मामलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकता है।

असल में मोटापे को एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी समझा जाता है, जो संकट बन गई है। यह ऐसी महामारी के रूप में उभर रहा है, जिसमें पिछले कुछ दशकों में भारी वृद्धि हुई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 1990 के बाद से मोटापे की चपेट में आने वाले वयस्कों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि मोटापा कई गैर-संचारी रोगों के खतरे को बढ़ाता है, जिनमें हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह (डायबिटीज) और सांस संबंधी पुरानी बीमारियां शामिल हैं। कई देशों में मोटापा सेहतमंद बनाम गैर-सेहतमंद भोजन का मामला भी बन गया है। कई बार सेहतमंद भोजन की कीमत ज्यादा होने या उपलब्ध न होने पर भी लोग ऐसे भोजन को प्राथमिकता देते हैं, जो मोटापा बढ़ा सकते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि वे मोटापे के आंकड़े को वर्षों से देखते रहे हैं। मोटापे की बढ़ती रफ्तार से हैरान हैं। कुछ एक्सपर्ट मोटापे को दो नई कैटेगरी में बांटने की वकालत भी करते हैं। पहली, क्लीनिकल मोटापा। इसका मतलब है मोटापे की वजह से हमारे शरीर का कोई अंग ठीक से काम नहीं कर रहा है, जैसे कि दिल, किडनी या लिवर। दूसरी है प्री-क्लीनिकल मोटापे की श्रेणी। इसका मतलब है कि अभी तक कोई बीमारी नहीं हुई है, लेकिन मोटापे की वजह से बीमार होने का खतरा बढ़ गया है.तेल मोटापे की सबसे बड़ी वजह है। अगर तेल के इस्तेमाल में धीरे-धीरे कटौती करेंगे तो वजन घटेगा। मोटापे से बचने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव करें। रोजाना जितनी कैलोरी बर्न करते हैं, उससे ज्यादा कैलोरी न खाएं। चीनी-मीठे पेय पदाथरे का सेवन सीमित करें। ज्यादा वसा वाले खाद्य पदाथरे से परहेज करें। प्रोटीन के स्रोतों जैसे बीन्स, दाल और सोया का सेवन बढ़ाएं। फल, सब्जियां, साबुत अनाज खाएं। भरपूर पानी पिएं। खाने में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं।

# गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी

**पंकज चतुर्वेदी**

तमिलनाडु का धरमपुर रेशम के लिए मशहूर है। यहां सालाना लगभग 17 लाख टन रेशम कोकून की पैदावार होती है।

पिछले कुछ हफ्तों में जिले भर में कोहरे और खराब जलवायु परिस्थितियों ने ऐसा डेरा डाला कि कोकून की कीमत में भारी वृद्धि हो गई। फरवरी के दूसरे हफ्ते में इसके दाम 857 प्रति किग्रा. दर्ज किए गए जबकि इस समय औसत कीमत 520 रु पये से अधिक नहीं होती।

आम तौर पर इस समय इलाके का मौसम खुला रहता है लेकिन इस बार गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी आ गई। इसके चलते अच्छी गुणवत्ता वाले रेशम का संकट दिखने लगा और दाम चढ़ गए। बदलते मौसम का असर शहतूत के पेड़ों पर भी देखा गया। विदित हो रेशम के कीड़ों का आहार शहतूत ही होता है। मंडी में आवक काम और दाम ज्यादा होने से बुनकर भी परेशान हैं। धर्मपुरी का रेशम तो एक उदाहरण भर है कि किस तरह समय से पहले गर्मी आने का व्यापक कुप्रभाव समाज पर पड़ रहा है।

प्रवासी पक्षियों का पहले लौटना, सड़क के कुत्ते और अन्य जानवरों के व्यवहार में अचानक उग्रता और रबी की फसल की पौष्टिकता में कमी, कुछ और ऐसे कुप्रभाव हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे यहां दिखने लगे हैं। इस साल इतिहास में तीसरा सबसे गर्म जनवरी और फरवरी रहा। जनवरी में देश में बारिश 70 प्रतिशत कम रही। पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी 80 प्रतिशत तक कम रही। फरवरी के आखिरी हफ्ते में विदर्भ से ले कर तेलंगाना तक 40 की तरफ दौड़ते तापमान ने लू का अहसास करवा दिया। मार्च के दूसरे हफ्ते में ऐन होली पर बरसात और ओलावृष्टि ने फसल का नुकसान दुगुना कर दिया। उसके बाद फिर गर्मी तेवर दिखा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन हफ्तों में देश के अधिकांश हिस्सों में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तराखंड के पवित्र तीर्थस्थल केदारनाथ में इस वर्ष पिछले 10 वर्षो में सबसे कम बर्फबारी दर्ज की गई है। इस बार सर्दियों में यहां सिर्फ दो फीट बर्फबारी हुई है, जो बीते वर्षो के मुकाबले काफी कम है। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे न केवल क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित होगी, बल्कि जल स्रेतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

बीते 10 वर्षो में केदारनाथ में बर्फबारी का पैटर्न बदलता दिखा है। जहां 2015 में आठ फीट बर्फ गिरी थी, वहीं 2025 में यह घट कर मात्र दो फीट रह गई है। कम बर्फबारी और जल्द गर्मी से ग्लेशियर जल्दी पिघलेंगे और गंगा-यमुना जैसी नदियों का जल प्रवाह प्रभावित होगा। केदारनाथ क्षेत्र में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियां और वृक्ष कम बर्फबारी के कारण प्रभावित हो सकते हैं। इससे इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कम बर्फबारी का मतलब है कि गर्मियों में जल स्रेतों में कमी आएगी जिससे पानी की किल्लत हो सकती है।

जलवायु परिवर्तन का असर किस कदर पहाड़ों पर है, इसका उदाहरण इन दिनों धौलछीना के इर्द-गिर्द और बिनसर अभयारण्य के जंगलों में साफ दिख रहा है। पहाड़ में अक्सर फरवरी के दूसरे पखवाड़े से मार्च में खिलने वाला बुरांस का फूल इस बार जनवरी में ही खिल गया था। इससे लोग हैरत में हैं और मौसम चक्र में परिवर्तन को इसकी वजह मानते हैं। जंगलों में कई जगह काफल फरवरी में ही पकने लगा था। आम तौर पर पहाड़ के जंगलों में बुरांस का फूल 15 मार्च के बाद भी खिलता है। इसके बाद ही मार्च के दूसरे पखवाड़े और अप्रैल में काफल पकता है। मगर अब प्रकृति अपना अलग रंग दिखा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस बार जनवरी के पहले पखवाड़े से ही धौलछीना के आसपास तथा बिनसर अभयारण्य के जंगलों में बुरांस खिल गया। ठीक इसी तरह से हिमाचल प्रदेश में भी बुरांस और काफल समय से बहुत पहले जनवरी में फल-फूल गए। जलवायु बदलाव का असर असम के धुबरी जिले में अजीब ही तरह से देखा जा रहा है। यहां बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी में अचानक हिल्सा मछलियों की संख्या बढ़ती देखी जा रही है, जो जनवरी-फरवरी के महीनों में अस्वाभाविक है। वास्तव में इसका समय मई, जून, जुलाई और अगस्त होता है। विदित हो कि हिल्सा मछलियां समुद्र के मुहाने से अक्टूबर में ब्रह्मपुत्र नदी में अंडे देने के लिए बंगाल की खाड़ी से आती हैं। हालांकि, मौसम और प्रकृति में अस्वाभाविक परिवर्तन और ब्रह्मपुत्र नदी के धीरे-धीरे सूखने के कारण हिल्सा मछलियां इस साल जनवरी के अंत से नदी में चढ़ने लगी हैं।

पर्याप्त ठंड न पड़ने, जाड़े में होने वाली बरसात के न आने और फरवरी में ही गर्मी का असर मध्य भारत के खेतों में रबी की फसल पर कीट के रूप में सामने आ रहा है। विशेष रूप से गेहूं में चंडवा, सरसों, मटर और चना की फसलों में माहू और इल्ली का प्रकोप बढ़ गया है, जिसके कारण इन फसलों में फूल गिरने लगे हैं, और किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कीटों के कारण आगामी दिनों में चना, मटर और सरसों का उत्पादन 30 प्रतिशत तक घट सकता है। सब्जी भी गर्मी के प्रकोप से बची नहीं रही। मिर्च, टमाटर, बैंगन, भिंडी जैसी सब्जी फसलों में भी माहू का प्रकोप बढ़ गया है। शाम होते ही अब खेत के करीब की सड़कों से निकलना मुश्किल है क्योंकि वाहनों की रोशनी होते ही माहू कीट के घने झुंड आ जाते हैं। कीट से बचने के लिए यदि किसान कीटनाशक का इस्तेमाल करता है, तो एक तो लागत बढ़ती है, दूसरा, गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

कश्मीर में गर्मी के कारण सेब फल से ले कर केसर तक की खेती बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। वहां जमीन शुष्क है, और तालाब-झरने सूख गए हैं। उधर केरल के लिए चेतावनी है कि आम तौर पर मार्च-अप्रैल में आने वाली हीटवेव जैसी स्थिति इस साल राज्य में पहले ही आ गई। जनवरी के आखिरी सप्ताह में कन्नूर में दिन का तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस और कोट्टायम में 36.5 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। आईएमडी ने भी चेतावनी जारी की है कि तापमान में वृद्धि जारी रहेगी जो केरल के जलवायु पैटर्न में चिंताजनक बदलाव को दर्शा रहा है। मौसम के बदलते मिजाज से आम लोगों की रोजी-रोटी के साधन, व्यवहार और स्वास्थ्य, तीनों प्रभावित हो रहे हैं।




मेष राशि: आज का दिन अच्छा रहेगा। आज ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक आपको किसी धार्मिक कार्य में सहयोग देने का अवसर मिलेगा। जिसे करने से आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। गणेश जी की कृपा आप पर बनी रहेगी। बच्चे माता पिता के साथ अपने मन की बात शेयर करेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक तौर पर थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। आज किसी विदेशी कंपनी से आपकी साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। आज आप किसी सामाजिक कार्य मे सहयोग देंगे। आज किसी रिश्तेदार के घर उनसे मिलने जा सकते हैं। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज बड़ो से प्रेरणा लेकर काम की पहल करने की जरूरत है। आर्थिक लाभ पाने के लिए अपनी रचनात्मक क्षमता बढ़ाएंगे तो आपको अच्छा खासा फायदा होगा। नया बिजनेस शुरु करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें। संयम व धैर्य के साथ अपने काम पर ध्यान लगायें तो आपके लिए अच्छा होगा। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

कर्क राशि: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज खास मेहमान आपके घर आएंगे, उनके साथ आप अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। आज नया बिजनेस शुरु करने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह जरुर ले लें। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपके लेखन कार्यों की सराहना होगी। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से पूरा कर लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस के किसी मीटिंग के लिए आज बॉस के साथ जाना पड़ सकता है। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। आज बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कन्या राशि: आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। पहले बनायीं गयी किसी योजना से आज आपको अच्छा लाभ होगा। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाने से आप रिलैक्स फील करेंगे। कारोबारियों को काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी के मामलों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने से पहले अन्य पहलुओं पर सोच विचार करना बेहतर रहेगा। आज आप अपनी किसी समस्या को दोस्तों के साथ शेयर करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आज आप सबसे पहले खुद के कार्यों का निपटारा करेंगे। आप के सभी रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आपके कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पूरा दिन तरो-ताजा महसूस करेंगे। प्राइवेट जॉब वालों के लिए आज का दिन प्रमोशन लेकर आया है।

धनु राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। सभी आपकी राय या बात ध्यान से सुनेंगे। अपने आप को सही साबित करने में आज आपको मुश्किल नहीं होगी। आज जोखिम भरा काम करने से बचें। घर से बाहर निकलते समय सावधानी जरुर बरतें। किसी विशेष व्यक्ति से आज मुलाकात कर सकते हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोर्ट-कचहरी के कामों का निपटारा तुरंत हो जायेगा। किसी सरकारी वकील का सहयोग आपको मिलेगा। इंजीनियरिंग कार्य से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन परिवर्तन करने वाला रहेगा। आज आप जॉब बदलने का मन बनायेंगे। आज माता के स्वास्थ्य में बेहतर सुधार आएगा।

कुंभ राशि:आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका मन सामाजिक कार्यों में लगेगा। आज विद्यार्थी अपने शिक्षकों से किसी टॉपिक को समझने के लिए समय मांगेंगे। आज का दिन अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर आपको मिल सकता है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

मीन राशि:आज आपका दिन पहले से अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो निश्चित समय पर पूरा होगा। आज करियर से संबंधित नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा। कामर्स के विद्यार्थी आज मार्केट से जुड़े विषयों में दाखिला ले सकते हैं। ऑफिस में पहले से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा।

# संसार में मृत्य अटल सत्य है- मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य बरकरार

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल ख़ूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षो से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। इस संसार में मृत्य अटल सत्य है जिसने भी जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन लोगों के मन हमेशा एक सवाल उठता है कि आखिर मौत के बाद क्या होता है। अगर आत्म होती है, तो कहां जाती है। मौत के बाद मनुष्य का शरीर शिथिल हो जाता है। इस पर पहले कई शोध हुए हैं जो अभी भी जारी है। प्रकृति के कई अनसुलझे रहस्य हैं जिसे सुलझाना अभी भी बाकी है। उन्हीं में से एक है आत्मा और मौत। जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मज़बूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु !आदि अनादि कहां से बुजुर्गों आध्यात्मिकता व कहावतों द्वारा यह कहा जाता है कि मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके मस्तक पर उसके पूरे जीवन की भविष्य रेखा लिखी रहती है और वह रेखा समाप्त होते ही उसकी मृत्यु हो जाती है,परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है।

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, कांप जाता है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी कॉल की पीक़



स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज़ गया था। हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे जो दुखों के पलों में अक्सर याद आते हैं। हालांकि इन गीतों से भी वही प्रश्न गूंज रहा है कि आखिर मानवीय शरीर में से ऐसा क्या निकल जाता है और कहां चला जाता है जो शरीर निर्जीव हो जाता है!उसका रहस्य आज भी अनसुलझा है!और मेरा मानना है कि शायद कभी सुल्झेगा भी नहीं चाहे कितना भी प्रौद्योगिकी विज्ञान का उपयोग किया जाए? साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो, मृत्यु शब्द नही बल्कि, मीडिया में जानकारी के अनुसार, मृत्यु एक परम पवित्र मंगलकारी देवी है। सामान्य भाषा मे किसी भी जीवात्मा अर्थात प्राणी के जीवन के अन्त को मृत्यु कहते हैं। मृत्यु सामान्यतः वृद्धावस्था, लालच, मोह,रोग कुपोषण के परिणामस्वरूप होती है।मुख्यतया मृत्यु के 101 स्वरूप होते है, लेकिन मुख्य 8 प्रकार की होती है। जिसमे बुढ़ापा, रोग, दुर्घटना, अकस्मती आघात, शोक,चिंता, और लालच मृत्यु के मुख्य रूप है। साथियों बात अगर हम विज्ञान विशेषज्ञों, जानकारों की करें तो उनका अलग-अलग तर्क है, हालांकि विज्ञान के अनुसार, मृत्यु का अर्थ है जीवित प्राणी के शरीर की सभी जैविक प्रक्रियाओं का समाप्त हो जाना। जैविक प्रक्रिया को दिल के धड़कने, मस्तिष्क के निर्णय लेने की क्षमता, किडनी और लीवर जैसे अंगों के सुचारु ढंग से काम करने में समझा जा सकता है। ये प्रक्रियाएं समाप्त होते ही हमारी मृत्यु हो जाती है। विशेषज्ञों की जानकारी के अनुसार,शरीर की जैविक प्रकियाएं कई कारणों से रुक सकती हैं। उम्र का ढल जाना यानी बूढ़ा हो जाना, किसी दूसरे व्यक्ति का प्राणघातक हमला, कुपोषण, बीमारी, आत्महत्या, भूख, प्यास, दुर्घटना या आघात आदि से ये प्रक्रिया रुक सकती है। मृत्यु के बाद शरीर तेजी से विघटित होता है, और कई तत्वों में टूट जाता है। भारतीय दर्शन में ये संकल्पना है ही कि शरीर का निर्माण पंचतत्वों से हुआ है और अंततः उन्हीं तत्वों में विलीन हो जाता है।

साथियों लेकिन जीवन और मृत्यु के बीच सटीक सीमा रेखा क्या है? किस क्षण में जीवन मृत्यु में बदल जाता है? शरीर का वह कौन अंतिम अंग या कण है, जिसके रुकते ही जीवन रुक जाता है और मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में बदल जाता है, विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है? बहरहाल मनुष्य का शरीर एक अद्भुत मशीन है। जिसका हर पुर्जा एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। लेकिन यह सवाल अभी अनुत्तरित है कि वह कौन सा तत्व है जिसे जीवन का जनक माना जाए या जीवन के न होने की वजह माना जाए! साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता के दृष्टिकोण की करें तो उनके अनुसार यह जन्म मृत्यु ईश्वर अल्लाह की देन है उनके अनुसार, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्मा शरीर में वास करती हैं। मगर मृत्यु के बाद ये शरीर को त्याग देती है और दूसरे शरीर को धारण कर लेती है। आत्मा ईश्वर का ही एक स्वरूप है। मगर इसे कोई देख नहीं सकता है। आत्मा को नश्वर माना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से इसका न कोई आकारा होता है और न ही स्वरूप, मृत्यु एक जीव को बनाए रखने वाले सभी जैविक कार्यों की अपरिवर्तनीय समाप्ति है। साथियों बात अगर हम मृत्यु के बाद दोबारा जीवन की करें तो मीडिया के अनुसार, मृत्यु के बाद क्या होता है, क्या दोबारा जीवन मिलता है, या फिर नहीं।





## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर शुरू, सुरक्षाबलों ने पांच आतंकियों को घेरा; दो जवान घायल

कठुआ (आरएनएस)। राजबाग थाना के अंतर्गत स्थित जुथाना के अंबा नाल में 5 संदिग्ध आतंकवादियों को देखने के बाद लगभग दो घंटे से मुठभेड़ जारी है। इस दौरान एसडीपीओ बॉर्डर कठुआ के जवान धीरज सिंह कटोच सहित एसओजी के दो जवान घायल हुए हैं। गौर हो कि पिछले चार दिनों से यहां बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। सभी आतंकवादियों को घेर लिया गया है और क्षेत्र को चारों ओर से घेराबंदी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, ये संदिग्ध आतंकवादी उज्ज दरिया से सुफैन होते हुए यहां पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जब सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों को देखा, तो गोलीबारी शुरू हो गई। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बल भेजा गया है और विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

### रिहैब सेंटर में मानसिक रूप से कमजोर 22 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, दो ने तोड़ा दम

लखनऊ (आरएनएस)। मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के आश्रय हेतु संचालित निर्वाण रिहैब सेंटर में मंगलवार को 22 किशोर-किशोरियों की हालत अचानक बिगड़ गई। इन्हें तुरंत लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस बीच, एक किशोरी ने मंगलवार और एक अन्य ने बुधवार को दम तोड़ दिया। पाँच किशोर-किशोरियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 15 का उपचार अभी भी जारी है। प्राथमिक जांच में फूड प्वाइजनिंग तथा पानी में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि सभी बच्चों को डिहाइड्रेशन की समस्या थी। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है ताकि मौत का सटीक कारण जाना जा सके। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सेंटर से खाने-पीने की सामग्रियों के 10 नमूने लिए हैं जिन्हें फास्ट ट्रैक लैब में जांच के लिए भेजा गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने कहा कि यदि लापरवाही पाई जाती है तो संस्था के संचालक एवं अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मोहान रोड पर स्थित और प्रदेश सरकार द्वारा अनुदानित इस सेंटर में वर्तमान में लगभग 146 किशोर-किशोरियां निवास कर रही हैं। मंगलवार सुबह सेंटर में रहने वाले कुछ मानसिक मंदित बच्चों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। इसी दौरान 12 किशोरों और 10 किशोरियों की हालत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल में सभी को भर्ती कराया गया और रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी गई कि किशोरियों को दही और खिचड़ी दी गई थी। इस बात पर सवाल उठता है कि दही-खिचड़ी से उनकी तबीयत कैसे बिगड़ गई।

### ओला-उबर जैसी सरकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी केंद्र सरकार, कैब ड्राइवर्स को मिलेगा सीधा मुनाफा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार बहुत जल्द ही ओला-उबर जैसे टैक्सी सर्विसेज के तर्ज पर एक सरकारी टैक्सी शुरु करने जा रही है। इसका ऐलान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अपने एक भाषण में किया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहकार से समृद्धि का विजन सिर्फ एक नारा नहीं है। उन्होंने कहा, सहकारिता मंत्रालय इसे हकीकत बनाने के लिए पिछले साढ़े 3 साल से अथक प्रयास कर रहा है।अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि, सरकार बहुत जल्द ही आने वाले कुछ महीनों में ओला-उबर जैसी एक सहकारी टैक्सी प्लेटफॉर्म शुरू करने वाली है। जो टू-व्हीलर, रिक्शा और फोर-व्हीलर का भी रजिस्ट्रेशन करेगी। इसका मुनाफा किसी धन्नासेठों के हाथ में नहीं जाएगाज बल्कि सीधे ड्राइवर के पास जाएगा। शाह ने कहा कि, बहुत कम समय के अंदर हम एक कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी भी बनने जा रही है, जो देश भर की सभी कोऑपरेटिव व्यवस्था का इंश्योरेंस करेगी। मैं विश्वास के साथ बताता हूं कि, ये कंपनी बनने के बाद कुछ ही समय में ये प्राइवेट सेक्टर की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी बन जाएगी।अगर सरकार द्वारा प्रस्तावित इस नए सहकारी टैक्सी प्लेटफॉर्म को शुरू किया जाता है। तो भारत प्राइवेट राइड-हेलिंग सर्विसेज के लिए सरकार समर्थित सहकारी विकल्प प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा। इस तरह की कोऑपरेटिव टैक्सी सर्विसेज दुनिया के किसी और देश में उपलब्ध नहीं है।

### भाजपा नेता की हत्या के बाद रांची बंद, जगह-जगह सड़क जाम, कई नेता गिरफ्तार

रांची (आरएनएस)। रांची में स्थानीय भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ गुरुवार को आहूत रांची बंद का व्यापक असर दिख रहा है। रांची शहर में 15 से भी अधिक स्थानों पर बंद समर्थकों ने सड़कों पर जाम लगा दिया है। शहर के कई प्रमुख बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बंद करा दिए गए हैं। रांची पुलिस ने बंद के समर्थन में सड़कों पर उतरे 20 से अधिक भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ भाजपा नेता की हत्या के विरोध में रातू रोड में बीच सड़क पर अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे हैं। रांची के कांके चौक पर भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर की हत्या बुधवार की शाम करीब चार बजे उस वक्त गोली मारकर कर दी गई थी, जब वह एक होटल में बैठे थे। वारदात को अंजाम देकर बाइक से भाग रहे अपराधियों का स्थानीय लोगों ने पीछा किया था और इसी दौरान पुलिस ने शूटर रोहित वर्मा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरा अपराधी अमन कुमार भागने में सफल रहा था। इस घटना के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, जदयू और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने बंद बुलाया है। बंद समर्थक सुबह आठ बजे से ही रांची में सड़कों पर उतर आए।

## वक्फ संपत्तियों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है सरकार, बिल को लेकर बिहार में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन




पटना (ए)। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 समेत विभिन्न मुद्दों पर बिहार विधानसभा के बाहर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता अजीत शर्मा ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक वापस लिया जाना चाहिए। बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है और सभी अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राजद विधायक मुकेश कुमार यादव ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 एक विशिष्ट व्यक्ति और समुदाय के खिलाफ एक निषेध है। सरकार वक्फ संपत्तियों को कुछ उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है।

राजद विधायक ने आगे कहा कि जैसे रेलवे और एयरवेज का निजीकरण किया गया, वैसे ही वह देश की सारी संपत्तियों को कुछ निजी संस्थाओं को सौंपना चाहती है। राजद और विपक्ष इस विधेयक के खिलाफ है और अगर यह संसद में पारित हो भी जाता है तो लालू यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हम हर समुदाय के अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि बिहार के 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। इससे पहले बिहार में बुधवार को वक्फ विधेयक के खिलाफ विधानसभा से लेकर सड़कों तक पर प्रदर्शन हुए। राजधानी पटना में विभिन्न राजनीतिक दलों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के महा धरना के प्रति एकजुटता व्यक्त की। एआईएमपीएलबी ने विधानसभा परिसर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर धरना दिया, जिसमें केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से संसद में पेश वक्फ विधेयक को वापस लेने की मांग की गई और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे धर्मनिरपेक्ष नेताओं से विवादास्पद विधेयक के लिए उनके समर्थन पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव अपने बीमार पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के साथ पटना में धरने के लिए निर्धारित स्थल गर्दनीबाग पहुंचे। तेजस्वी ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि च्उनकी रगों में लालू का खून बह रहा है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करवाकर अयोध्या रथयात्रा को बीच रास्ते में ही रोक दिया था। राजद नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इस विधेयक का पुरजोर विरोध करेगी, क्योंकि यह असंवैधानिक तानाशाही प्रवृत्ति का और नागपुरिया विचारधारा से प्रेरित है।

### बिहार के सहरसा में तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, परिवार में पसरा मातम

सहरसा (आरएनएस)। बिहार के सहरसा जिले के काशनगर थाना क्षेत्र के असनही वार्ड नंबर 10 में एक दर्दनाक हादसे में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया है और दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। डूबने से जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान सचिन मुखिया के नौ वर्षीय बेटे अभिषेक कुमार और अनिल मुखिया की सात वर्षीय बेटी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। यह घटना सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के समय अभिषेक और खुशबू घर से शौच के लिए निकले थे, तभी पास के तालाब में गिर गए। खुशबू पहले फिसलकर तालाब में गिर गई, उसे बचाने के लिए अभिषेक भी पानी में कूद गया, लेकिन दुर्भाग्य से दोनों गहरे पानी में डूब गए। घटना को खुशबू की बड़ी बहन सपना ने देख लिया और शोर मचाते हुए परिवार को सूचना दी। गांव वालों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जब बच्चों को पानी से निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक अभिषेक अपने चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में दूसरी कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता सचिन मुखिया दिल्ली में मजदूरी करते हैं और हादसे के वक्त घर से बाहर थे। वहीं, खुशबू अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ मिर्जापुर में यूपी की शासन नीति के 8 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को दी जन्मदिन की बधाई, सीएम बोले हृदय से आभार

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। पीएम मोदी ने हिमाचल के सीएम सुक्खू को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। सीएम सुक्खू ने जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने पीएम मोदी के पोस्ट को एक्स पर रीशेयर करते हुए लिखा, आपकी शुभकामनाओं के लिए हृदय से धन्यवाद, माननीय प्रधानमंत्री जी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूं। वहीं, कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने एक्स पर लिखा, हिमाचल प्रदेश के यशस्वी और लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका स्वास्थ्य और ऊर्जा सदा बनी रहे ताकि आप आने वाले कई वर्षों तक प्रदेश और देश की सेवा कर सकें।

### कुणाल कामरा विवाद : मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन को जारी किया दूसरा समन, पेशी के लिए एक सप्ताह का समय देने से इनकार



मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बगैर उन पर किए गए विवादित टिप्पणी को लेकर स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मुंबई की खार पुलिस ने उनकी मोहलत की मांग को खारिज करते हुए बुधवार को दूसरा समन भेजा और पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया। कुणाल कामरा को खार पुलिस ने समन भेज मंगलवार को 11 बजे हाजिर होने के लिए कहा था, लेकिन कामरा हाजिर नहीं हुए और हाजिर होने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। पुलिस ने उनकी मांग को खारिज कर नया समन भेजा है। खार पुलिस ने हैबिटेट स्टूडियो से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया। पुलिस की मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ जारी है। मंगलवार को पूछताछ के लिए पुलिस के सामने पेश नहीं होने के मामले में कामरा ने फोन पर समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बताया कि वह अभी मुंबई से बाहर हैं, इस वजह से वह पुलिस के सामने उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि मुंबई आकर पुलिस के सामने पेश होने के लिए उन्हें एक सप्ताह का समय चाहिए।खार पुलिस ने कामरा को मंगलवार को ही समन भेजा था। वह घर पर नहीं मिले तो उन्हें व्हाट्सएप पर भी समन भेजा गया। उन्हें सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। खार पुलिस की एक टीम उनके घर भी गई और उनके माता-पिता को भी समन की एक प्रति दी।इससे पहले कुणाल कामरा ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में हैबिटेट क्लब में हुई तोड़फोड़ की निंदा की और कहा कि अपनी टिप्पणी के लिए वह माफी नहीं मांगेंगे। कमीडियन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, हैबिटेट केवल एक मंच है। सभी प्रकार के शो के लिए एक जगह है।

### रक्षक बना भक्षक : 4 बच्चों की हत्या कर पिता ने खुद दे दी जान, धारदार हथियार से रेता मासूमों का गला

शाहजहांपुर, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से एक सनसनीखेज मामले सामने आया है। जहां एक पिता ने ने धारदार हथियार से अपने 4 बच्चों का गला रेतने के बाद खुद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक मानसिक रूप से परेशान था। रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव में राजीव कठेरिया (36 वर्ष) अपनी पत्नी कांति देवी और चार बच्चों के साथ रहता था। उसकी पत्नी कांति देवी बुधवार को गांव करतोली स्थित अपने मायके चली गईं थीं। घर में राजीव और चारों बच्चे थे। इस दौरान उस इस वारदात को अंजाम दिया। राजीव के घर के बगल में रह रहे उसके पिता पृथ्वीराज ने बृहस्पतिवार सुबह पोते को चाय पीने के लिए बुलाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई बाहर नहीं निकला तो उन्होंने घर के अंदर झांककर देखा।

## देश सेवा सर्वोपरि, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन : सीएम योगी

लखनऊ, (आरएनएस)। गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा चयनित 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा नारों या भाषणों से नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से होती है। उन्होंने नवचयनितों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। इस समारोह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा



निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 283 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें आयुष विभाग के 163 चिकित्सा अधिकारी, 2 रीडर (आयुर्वेद), 19 प्रोफेसर, 3 प्रवक्ता (होम्योपैथी) और गृह विभाग के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के 96 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सीएम योगी की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की जमकर सराहना की। सीएम योगी ने इस अवसर पर यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी को शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से संपन्न करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। सीएम योगी ने अपने संबोधन में पिछले 8 वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में हमने प्रदेश में 8.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगर यह नियुक्तियां शुचिता और पारदर्शिता के साथ नहीं होतीं, तो ये सभी मामले कोर्ट में लंबित हो जाते और एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि इन 8 वर्षों में 1,56,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई, 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है और साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। अन्य विभागों में भी इसी तत्परता के साथ भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। आज जब प्रशिक्षित और दक्ष कार्मिक शासकीय सेवा का हिस्सा बनते हैं, तो कार्य पद्धति में तेजी आती है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

## अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष सुजैन क्लार्क ने निर्मला सीतारमण से की मुलाकात

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स (यूएससीसी) की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुजैन क्लार्क ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बृहस्पतिवार को मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, '' अमेरिकी चैंबर यूएससीसी की अध्यक्ष एवं सीईओ सुजैन क्लार्क ने यूएसआईबीसी (यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल) के अध्यक्ष अतुल केशप के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात की। मंत्रालय के अनुसार, बैठक के दौरान सीतारमण ने कहा




कि भारत और अमेरिकी कंपनियों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों को भारत महत्व देता है। क्लार्क ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) सहित भारत के निरंतर सुधारों की सराहना की, देश को लेकर अमेरिकी कंपनियों की रुचि बढ़ रही है। साथ ही इसमें बढ़ते सीमापार निवेश, नवोन्मेषण, बढ़ती उद्यमिता व व्यापार का उल्लेख किया गया, जो अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करता है।

### एक साथ चुनाव संबंधी समिति के समक्ष अपने विचार साझा कर सकते हैं सांसद : बिरला

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक साथ चुनाव के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति के समक्ष सांसद ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' की अवधारणा पर अपने विचार और दृष्टिकोण साझा कर सकते हैं।बिरला ने सदन में कहा कि कई युवा सांसदों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अलग-अलग बैठकों के दौरान उनके समक्ष इस अवधारणा पर अपने विचार साझा किए हैं।

### श्रीलंका को पछाड़ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बना भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम चाय निर्यात किया। इसके साथ ही श्रीलंका को पछाड़ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक देश बन गया है। इसीक्रम में केन्या ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के



बावजूद भारत का चाय निर्यात 2024 में 255 मिलियन किलोग्राम पर पहुंच गया, जो 10 साल का उच्चतम स्तर है। 2024 में देश के निर्यात में 2023 में दर्ज 231.69 मिलियन किलोग्राम के इसी आंकड़े से 10 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई। भारत के निर्यात का मूल्य 2023 के 6,161 करोड़ रुपये से 15 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 7,111 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि इराक को भेजे जाने वाले शिपमेंट में जोरदार वृद्धि हुई है, जो चाय निर्यात का 20 प्रतिशत है। इसी के साथ व्यापारियों को इस वित्त वर्ष में पश्चिम एशियाई देश को 40-50 मिलियन किलोग्राम चाय भेजने की उम्मीद है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन, नई दिल्ली में आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के सरकार के कदम का विरोध कर रहे आईडीबीआई बैंक कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

## राज्य सरकार कृषक हित में उठा रही अहम कदम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



बीकानेर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें। शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दी तथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई करते हैं और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है।

# शानदार है बदनाम का गाना इंजेक्शन, सुनकर नाचने पर हो जाएंगे मजबूर : निक्की तंबोली

*बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी और अभिनेत्री निक्की तंबोली हालिया रिलीज फिल्म 'बदनाम' के इंजेक्शन लगा दो गाने के साथ पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने गाने की खूब तारीफ की और बताया कि यह एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर लोग नाचने पर मजबूर हो जाएंगे। प्रोजेक्ट को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए निक्की ने कहा, मैं पंजाबी इंडस्ट्री में डेब्यू करने और 'बदनाम' का हिस्सा बनने को लेकर बेहद रोमांचित हूं!*



उन्होंने कहा, 'इंजेक्शन लगा दो मुझे' एक ऐसा गाना है, जिसे सुनकर आप नाचने को मजबूर हो जाएंगे और मैं ऐसी शानदार टीम के साथ काम करने के अवसर के लिए बेहद आभारी हूं।'इंजेक्शन लगा दो मुझे' गाने को सुनिधि चौहान ने गाया है। रोमांटिक ड्रामा बदनाम फरवरी में रिलीज हुई थी, जिसमें अभिनेता जय रंधावा, जैस्मिन भसीन और मुकेश ऋषि मुख्य भूमिकाओं में हैं। निक्की तंबोली के करियर की बात करें तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी। साल 2019 में रिलीज हुई तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चिकाती गडिलो चिताकोट्टुडु' से अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखा था।इसके बाद वह तमिल एक्शन-हॉरर फिल्म 'कंचना 3' में नजर आईं, जिसमें उनके किरदार का नाम दिव्या है। उनकी तीसरी फिल्म तेलुगू में 'थिप्पारा मीसम' थी।

निक्की ने 2020 में सलमान खान के हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भी भाग लिया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद वह साल 2021 में रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में दिखाई दीं, जिसे दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में फिल्माया गया था।शो में तंबोली 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा वह कई म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं। निक्की साल 2022 में गेम शो द खतरा-खतरा में देखी गईं, जिसे कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था।निक्की, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' के 'कॉकटेल' गाने में भी काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वह साल 2024 में रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अरबाज पटेल से हुई। दोनों खास दोस्त हैं। दोनों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया। तंबोली वर्तमान में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आ रही हैं।'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' एक कुकिंग-आधारित रियलिटी शो है। इस शो में निक्की के साथ तेजस्वी प्रकाश, दीपिका कक्कड़ इब्राहिम, गौरव खन्ना, राजीव अदातिया समेत अन्य हस्तियां भी शामिल हैं।

## 44 की उम्र में नहीं थम रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस, हर अदाओं से फैंस के दिलों पर चला रहीं खंजर



टीवी और बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपना दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर सोशल मीडिया पर धमाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है।हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने येलो कलर का कोर्ड-सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, नो मेकअप लुक और चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये खूबसूरत अंदाज देखकर फैंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।बता दें कि श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## एडवांस बुकिंग में छाई सिकंदर, पहले दिन 6 करोड़ रु का आंकड़ा पार, अब दूसरे दिन धमाके की तैयारी



सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर की रिलीज में अब बस चार दिन ही बचे हैं. सिकंदर इस ईद के मौके पर 30 मार्च को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है. वहीं, बीती 25 मार्च को फिल्म की एड्वांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और सिकंद ने एडवांस बुकिंग में मौका मारने का कोई चांस नहीं छोड़ा है. सिकंदर ने अपनी एडवांस बुकिंग में पहले दिन कितने रुपये की कमाई की है और फिल्म के पहले दिन के लिए कितना कलेक्शन हुआ है आइए जानते हैं.

सलमान खान की सिकंदर को एडवांस बुकिंग के पहले दिन दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने एडवांस बुकिंग के पहले दिन भारत में 67,293 टिकट सेल कर दिए हैं. वहीं, फिल्म सिकंदर ने पहले दिन की एड्वांस बुकिंग से 1.92 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और ब्लैक सीट को मिलाकर फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में 2डी हिंदी और आईमैक्स 2डी से 45,778 रुपये जुटाए हैं. फिल्म सिकंदर देशभर की 9110 स्क्रीन पर कब्जा कर लिया है.वहीं, रीजनली सिकंदर ने महाराष्ट्र से 1.24 करोड़ रुपये, दिल्ली से 1.11 करोड़ रुपये, राजस्थान 51.08 लाख रुपये, जबकिक गुजरात और कर्नाटक से क्रमश 49.94 लाख रुपये और 28.82 लाख रुपये कमा लिए हैं. कुल मिलाकर सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में ब्लैक सीट के साथ 6.15 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं.फिल्म सिकंदर को गजनी के डायरेक्टर एआर मुरुदास ने डायरेक्ट किया है और फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं. फिल्म की स्टारकास्ट में सलमान खान, रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर और सत्यराज अहम रोल में हैं. वहीं, कल यानि 27 मार्च को साउथ सिनेमा से मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल 2-एम्पुरान रिलीज हो रही है, जो सिकंदर के लिए साउथ के दर्शकों को सीमित कर देगी.

## रेड 2 से रितेश देशमुख की पहली झलक आई सामने, 1 मई को रिलीज होगी फिल्म

काफी समय से अजय देवगन अपनी आगामी फिल्म रेड 2 को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है।

इस फिल्म में अजय की जोड़ी वाणी कपूर के साथ बनी है, जिसमें पहली बार देखा जाएगा। रितेश देशमुख भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।अजय के बाद अब रेड 2 से रितेश की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें वह एक नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं।



अजय ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई। यह फिल्म 1 मई. 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

रेड 2 साल 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

## हैंगिंग लेग रेजः जानिए एक्सरसाइज करने का तरीका और इसके फायदे



कोर स्ट्रेंथ हमारे शरीर की मजबूती और संतुलन के लिए बहुत अहम है। इसे मजबूत बनाने के लिए कई एक्सरसाइज हैं, जिनमें से एक है हैंगिंग लेग रेज।

ये एक्सरसाइज मांसपेशियों को मजबूती देने में काफी मदद कर सकती है। यह एक्सरसाइज पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए फायदेमंद है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप इस सरल लेकिन प्रभावी एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करने का तरीका

हैंगिंग लेग रेज करते समय सही तकनीक का पालन करना जरूरी है। सबसे पहले एक मजबूत बार पर लटक जाएं और अपने हाथों को कंधे की चौड़ाई पर रखें। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को ऊपर उठाएं ताकि वे आपके शरीर के साथ 90 डिग्री का कोण बना लें।ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट की मांसपेशियों पर जोर पड़े। इस स्थिति में कुछ सेकंड रुकें और फिर धीरे-धीरे पैरों को नीचे लाएं।

### सांस लेने का तरीका समझें

सही तरीके से सांस लेना इस व्यायाम का अहम हिस्सा है, जो आपकी मांसपेशियों को ताकत देने में मदद करता है।जब आप अपने पैरों को ऊपर उठा रहे हों तब गहरी सांस लें और जब उन्हें नीचे ला रहे हों तब धीरे-धीरे सांस छोड़ें।यह प्रक्रिया आपकी मांसपेशियों में ऑक्सीजन की पूर्ति करती रहती है, जिससे थकान कम होती है और आप ज्यादा देर तक व्यायाम कर पाते हैं।

### नियमितता बनाए रखें

कोई भी एक्सरसाइज तभी असरदार होता है जब उसे नियमित रूप से किया जाए। शुरुआत में हफ्ते में तीन बार इस एक्सरसाइज को करें और धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर पांच बार तक ले जाएं। हर सत्र में 10-15 बार करने की कोशिश करें और जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ेगी, वैसे-वैसे बार की संख्या भी बढ़ा सकते हैं।

इसके अलावा अपनी प्रगति को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर अपने एक्सरसाइज करने के तरीके को बदलते रहें।

### एक्सरसाइज करने से मिलने वाले लाभ


हैंगिंग लेग रेज आपके पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के साथ-साथ पूरे शरीर को फायदा पहुंचाता है। इस एक्सरसाइज से आपके कंधों, पीठ और हाथों की ताकत भी बढ़ती है क्योंकि आपको खुद को बार पर लटकाए रखना होता है।यह आपकी मुद्रा सुधारने में मदद करता है, जिससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

इसके अलावा यह एक्सरसाइज आपके शरीर की सहनशक्ति और संतुलन को बेहतर बनाता है, जिससे आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं।

### एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

इस एक्सरसाइज के दौरान कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है ताकि चोट लगने का खतरा न हो। अगर आपको पीठ या कंधे में कोई समस्या हो तो पहले डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा शुरुआत धीमी गति से करें ताकि आपका शरीर इसकी आदत डाल सके।इस तरह आप आसानी से अपनी दिनचर्या में हैंगिंग लेग रेज शामिल करके अपनी कोर स्ट्रेंथ बढ़ा सकते हैं, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा।

## राजकुमार राव की भूल चुक माफ की नई रिलीज तारीख का ऐलान, पहला पोस्टर आया सामने



अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी।आने वाले समय में राजकुमार एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। भूल चुक माफ भी इन्हीं में से एक है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया है।भूल चुक माफ 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों को सिनेमाघरों होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को टाल दिया है।इस फिल्म के लिए दर्शकों को थोड़ा इंतजार करना होगा। फिल्म की नई रिलीज तारीख सामने आ गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अब भूल चुक माफ को 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।भूल चुक माफ के निर्देशन की कमान करण शर्मा ने संभाली है, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता हैं।फिल्म की टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो कॉमेडी और सस्पेंस से भरपूर है।भूल चुक माफ के अलावा राजकुमार के पास फिल्म टोस्टर भी है, जिसके निर्देशन की कमान विवेक दास चौधरी ने संभाली है।

# चाय को स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं? इन सामग्रियों के मिश्रण को उसमें डालें



चाय का नाम सुनते ही मन में ताजगी और सुकून का अहसास होता है, खासकर जब बात मसाला चाय की हो तो इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। मसाला चाय न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई स्वास्थ्यवर्धक गुण भी होते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ खास मसाला चाय मिश्रण के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपने रोजमर्रा के चाय समय को और भी खास बना सकते हैं।

### अदरक-इलाइची वाली मसाला चाय बनाएं

अदरक और इलाइची का मेल आपकी चाय को एक अलग ही स्वाद देता है।

अदरक जहां पाचन क्रिया को सुधारता है, वहीं इलाइची आपके मूड को बेहतर बनाती है।

इस ब्लेंड में आप थोड़ी-सी काली मिर्च भी डाल सकते हैं, जो इसे और भी मजेदार बना देती है।इसे बनाने के लिए पानी में अदरक और इलाइची डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग डालें। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबालें और गर्मागर्म परोसें।

### दालचीनी-काली मिर्च की खुशबूदार चाय

दालचीनी की मीठी खुशबू और काली मिर्च की तीखी तासीर आपकी सुबह को तरोताजा कर सकती है।यह मिश्रण न केवल आपके शरीर को गर्म रखता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है।इसके लिए पानी में दालचीनी की डंडी और कुछ काली मिर्च डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग वाली चाय मिलाएं। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबाल लें, फिर इसे छानकर पिएं।

### तुलसी-पुदीने की ताजगी भरी मसाला चाय

तुलसी और पुदीने का संयोजन आपकी दिनचर्या में नई ऊर्जा भर सकता है।

तुलसी जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है, वहीं पुदीना आपको ठंडा महसूस करवाता है।

इस मिश्रण के लिए पानी में तुलसी की पत्तियां और कुछ पुदीने की पत्तियां डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग मिलाएं। दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबाल लें, फिर इसे छानकर पिएं।

### लौंग-सौंफ का अनोखा मिश्रण करें ट्राई

लौंग-सौंफ का मिश्रण आपकी थकी हुई शामों को राहत दे सकता है।

लौंग जहां एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं, वहीं सौंफ आपके पेट के लिए फायदेमंद होती हैं। इसके लिए पानी में लौंग और सौंफ डालकर उबालें, फिर उसमें अपनी पसंदीदा चायपत्ती या टी बैग मिलाएं। अब दूध मिलाकर इसे अच्छे से उबालें, फिर इसे छानकर पिएं। इन सभी मसाला चाय के मिश्रण को आजमाकर आप अपने रोजमर्रा के जीवन में नई ऊर्जा ला सकते हैं।

## ऋषभ पंत को ओपनिंग करने दो और मारक्रम को ड्रॉप कर दो एलएसजी को मिली बड़ी सलाह


नई दिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के चौथे मुकाबले में ऋषभ पंत की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले मैच में ऋषभ पंत ना तो कप्तान के रूप में चले और ना ही एक बल्लेबाज़ के रूप में उनका बल्ला चला लेकिन अब ये टीम सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पलटवार के इरादे से उतरेगी।



इस मैच से पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय बांगर ने लखनऊ की टीम को एक बड़ी सलाह दी है। बांगर ने कहा कि ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए ओपनिंग करनी चाहिए। खैर लखनऊ का खेमा बांगर की इस सलाह को कितना सीरियस लेता है ये देखना दिलचस्प होगा। बांगर ने ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सफेद गेंद के प्रारूप में उनके लिए सबसे अच्छी स्थिति टॉप पर है। उन्हें पारी की शुरुआत करने दें। मारक्रम को बाहर करें और शमर जोसेफ को टीम में लाएं। जहां तक विदेशी बल्लेबाजों का सवाल है, मध्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए और ऋषभ पंत को ऊपर मौका दें। बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ ने लंबे प्रारूप में दिखाया है कि वो बेहतरीन तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी बेहतर खिलाड़ी हैं। स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने के लिए उनकी प्रतिष्ठा है। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए उन्हें शीर्षक्रम में इस्तेमाल करें। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने भी एसआरएच के खिलाफ पंत के अच्छे प्रदर्शन का समर्थन किया है। विलियमसन ने कहा, वो एक बेहतरीन खिलाड़ी है। उसके पास अनुभव है। आईपीएल एक लंबा टूर्नामेंट है। खिलाड़ी हमेशा खेल को आगे बढ़ाते हैं।

# आरसीबी और सीएसके में आज रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

चेन्नई (ए)। आईपीएल में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। इस मैच में सीएसके जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसका कारण है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। उसने शुरुआती मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ अच्छी जीत दर्ज की थी। वहीं आरसीबी की टीम इस मैदान में अब तक केवल एक बार ही जीती है। वह भी 17 साल पहले साल 2008 में। इसके बाद से ही आरसीबी को यहां एक भी जीत नहीं मिली है। ऐसे में आरसीबी का लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में जीतना रहेगा। साल 2008 सत्र में जब आसीबी को जीत मिली थी। उस टीम से अब केवल विराट कोहली ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो वर्तमान टीम में हैं।ऐेस में आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि सीएसके की टीम के स्पिनरों का सामना करना उसे लिए आसान नहीं होगा। इस मैदान पर पिच स्पिनरों की सहायक रही है। सीएसके टीम के पास रविंद्र जडेजा आर अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में उसने शामिल किया है। इन गेंदबाजों ने कुछ दिन पहले ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसको देखते हुए आरसीबी के लिए रन



बनाना आसान नहीं होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को सीएसके के स्पिनरों के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने के लिए काफी ध्यान से खेलना होगा। इस मामले में विराट को बल्लेबाजी की कमान संभालनी होगी। स्पिन का सामना करना हालांकि उनका मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।कोहली का इसमें फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को साथ देना होगा। इस पिच को देखते हुए आरसीबी टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को अंतिम एकादश में रख सकती है। इससे टीम को बाएं हाथ का एक स्पिनर भी मिल जाएगा। इस मैच में टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी रहेंगी। वह फिट नहीं होने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच से बाहर थे। अगर वह फिट हुए तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में जगह मिल सकती है। वहीं सीएसके की जीत के लिए उसके मध्यक्रम को रन बनाने होंगे। पहले मैच में शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम कुरेन असफल रहे थे। उन्हें रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी से टीम इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद करेगी। सीएसके के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अगर फिट हुए तो इस मैच में उनका खेलना तय है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू : रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला, इंग्लैंड टूर से पहले इंडिया ए के लिए खेलेंगे रोहित-विराट

नई दिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बीच में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बड़ा फैसला लिया है। जून में भारत के इंग्लैंड के महत्वपूर्ण दौरे से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट में सुपरस्टार संस्कृति को समाप्त करने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड के दौरे से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों के इंडिया ए टीम में भाग लेने की उम्मीद है।भारतीय टीम के जून में होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले इंडिया ए की टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैचों में हिस्सा लेगी। ये तैयारी मैच मई-जून की अवधि के लिए निर्धारित हैं, जिन्हें विशेष रूप से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले मूल्यवान मैच अभ्यास प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।इंग्लैंड की धरती पर सीनियर भारतीय टीम का अभियान 20 जून को हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा।इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनौपचारिक टेस्ट आईपीएल 2025 सीज़न के समापन के कुछ दिनों बाद 30 मई से खेला जाएगा। जबकि दूसरा चार दिवसीय मुकाबला 6 जून को नॉर्थम्प्टन के काउंटी ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। ये मैच भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले अपनी तैयारियों को दुरुस्त करने का अंतिम अवसर होगा।

## रयान पराग की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स का हुआ बुरा हाल

### -कैप्टन साहब के भी नाम हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड

नईदिल्ली,(आरएनएस) । आईपीएल 2025 में बीते बुधवार, 26 मार्च को टूर्नामेंट के छठे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रयान पराग की कैप्टेंसी वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम को 152 रनों का लक्ष्य महज़ 17.3 ओवर में हासिल करके 8 विकेट से धूल चटाई। इसी के साथ अब रयान पराग के नाम एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है जो कि कोई भी कैप्टन अपने नाम नहीं चाहेगा।

दरअसल, आईपीएल के इतिहास के 18 साल में रयान पराग राजस्थान रॉयल्स के ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं जिनकी अगुवाई में टीम ने लगातार शुरुआती दो मैच हारे। गौरतलब है कि वो राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में सातवें कप्तान हैं और आईपीएल 2025 में टीम की शुरुआती तीन मैचों में कैप्टेंसी करने के लिए चुने गए हैं।

हालांकि बतौर कैप्टन उनकी शुरुआत किसी बुरे सपने की तरह रही और टीम ने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 44 रनों से मैच हारा और फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी उन्हें 8 विकेट से एकतरफा मात दी। यही वज़ह है जिस शर्मनाक रिकॉर्ड से सभी कैप्टन बचना चाहते हैं वो अब रयान पराग के गले पड़ गए गया है। उनके अलावा राजस्थान रॉयल्स के लिए कोई भी ऐसा कैप्टन नहीं हुआ जिनकी लीडरशिप में टीम ने शुरुआती दो मैच ही गंवा दिए हों।

ये भी जान लीजिए कि रयान पराग से पहले राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में शेन वॉर्न, शेन वॉटसन, राहुल द्रविड़, स्टीव स्मिथ, अजिंक्य रहाणे और संजू सैमसन कैप्टेंसी कर चुके हैं। आईपीएल 2025 में भी संजू सैमसन ही टीम के कैप्टन हैं, लेकिन वो अपने अंगूठे पर लगी चोट के कारण राजस्थान के लिए सीजन के शुरुआती तीनों में ये भूमिका निभाने के लिए उपलब्ध नहीं हैं, जिस वज़ह से रयान पराग को कैप्टेंसी के लिए चुना गया। बात करें अगर पॉइंट्स टेबल पर राजस्थान रॉयल्स की पॉजिशन की तो वो अपने पहले दो मैचों में हार का सामना करने के बाद सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर पहुंच गए हैं। उनका नेट रन रेट भी -1.88 है जो कि टीम के लिए बड़ी मुश्किल की वज़ह बन सकता है।

# शुभमन गिल की कप्तानी पर भड़के सहवाग, बोले- अभी वो तैयार नहीं है

नईदिल्ली, (आरएनएस)। शुभमन गिल और उनकी टीम गुजरात टाइटंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 244 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात को 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद कई क्रिकेट पंडितों ने शुभमन की कप्तानी पर सवाल उठाए। इसी कड़ी में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मैच में शुभमन गिल की कप्तानी पर नाराज़गी जाहिर की।

सहवाग ने कहा कि शुभमन ने बिल्कुल भी अच्छी कप्तानी नहीं की और वो बिल्कुल भी तैयार नहीं दिखे। सहवाग उनके द्वारा किए गए गेंदबाजी में बदलावों से नाखुश दिखे। खासकर मोहम्मद सिराज, जिनके पहले दो ओवरों में केवल 14 रन गए लेकिन इसके बावजूद उन्हें आक्रमण से हटा दिया गया।



सहवाग ने क्रिकबज पर बोलते हुए कहा, मुझे लगा कि शुभमन गिल की कप्तानी अच्छी नहीं थी। वो तैयार नहीं थे, वो सक्रिय नहीं थे। जब सिराज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे, तो उन्होंने अरशद खान को लाया, जिन्होंने मुझे लगता है कि पावरप्ले में 21 रन दिए और उस ओवर ने मैच को पंजाब की तरफ मोड़ दिया। अगर सिराज नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, तो उसे डेथ ओवरों के लिए रोकने का कोई मतलब नहीं है और आप देख सकते हैं कि उसे अंत में मार भी पड़ी। इसलिए गेंदबाज़ का इस्तेमाल करते समय वो सक्रियता गायब थी। पंजाब के खिलाफ मैच में मिली हार पर गिल ने भी स्वीकार किया कि गुजरात के पास अपने मौके थे, लेकिन वो महत्वपूर्ण चरणों का फ़ायदा उठाने में विफल रहे। गिल ने मैच के बाद कहा, जब हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें मौके मिले। पारी के आखिरी छोर पर हमने बहुत ज़्यादा रन दिए। बीच के उन तीन ओवरों में, हमने लगभग 18 रन बनाए और हमारे पहले तीन ओवरों में हमने ज़्यादा रन नहीं बनाए। इससे हमें मैच में हार का सामना करना पड़ा।इसके अलावा, आज हमारे लिए कई सकारात्मक बातें रहीं। बेंच पर बैठे किसी खिलाड़ी के लिए यॉर्कर फेंकना आसान नहीं है।

## विदेश समाचार

## राष्ट्रपति ट्रंप ने किया बड़ा ऐलान, अमेरिका में विदेशी कारों पर लगेगा 25प्रतिशत टैक्स; 2 अप्रैल से लागू

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ वॉर के बीच एक और ऐलान किया है कि अमेरिका में इंपोर्ट होने वाली सभी विदेशी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपतिने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह टैरिफ का फैसला स्थायी है। ट्रंप ने कहा हम उन सभी कारों पर प्रभावी रूप से 25प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे जो देश में नहीं बनी हैं। ये नया इंपोर्ट ड्यूटी लगाने का फैसला 2 अप्रैल से लागू होगा और 3 अप्रैल से इसकी वसूली शुरू हो जाएगी। ट्रंप ने कहा, 'हम उन सभी कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं जो अमेरिका में नहीं बनी हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देगी और यदि कारें अमेरिका में बनाई जाती हैं तो उन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। जानकारों का मानना है कि यह कदम ऑटोमेकर्स की सप्लाई चेन को बाधित कर सकता है और अमेरिकी ग्राहकों को महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब ट्रंप प्रशासन व्यापार असंतुलन को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार कर रहा है। हालांकि, इस तरह के शुल्कों से वैश्विक व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप जल्द ही व्यापार से जुड़े बड़े उपायों का खुलासा करने वाले हैं। बता दें कि 2 अप्रैल को उन्होंने 'मुक्ति दिवस' करार दिया है। इस दिन ट्रंप कई नए शुल्क लगाने की योजना बना रहे हैं।



# अब उत्तर कोरिया एआई से मचाएगा तबाही! किम जोंग ने किया खास सुसाईड ड्रोन का परीक्षण



उत्तर कोरिया ,(आरएनएस)। अमेरिका और उत्तर कोरिया में तनाव के बीच किम जोंग उन अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के मिसाइल प्रेम से दुनिया वाकिफ है। लेकिन, किम को अब ड्रोन भी पसंद आने लगे हैं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए खास आत्मघाती ड्रोन का प्रदर्शन देखा। खास बात यह है कि किम जोंग उन ने अब एआई तकनीक से लैस आत्मघाती ड्रोन बनवाए हैं।

किम ने कहा कि आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित उपकरण और एआई तकनीक को सबसे ज्यादा महत्व देना चाहिए। केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन ने नए और उन्नत जासूसी ड्रोन का भी निरीक्षण किया है। ये ड्रोन जमीन और समुद्र पर दुश्मन के ठिकानों और गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं। किम ने कहा कि हमें सेना को आधुनिक बनाने के लिए मानव रहित उपकरणों और एआई को प्राथमिकता देनी चाहिए। उत्तरी कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें एक ड्रोन को टैंक जैसे लक्ष्य पर हमला करते और उसमें विस्फोट करते दिखाया गया है। किम अपने सहायकों के साथ एक बड़े ड्रोन के पास खड़े नजर आ रहे हैं। किम ने अलग से जासूसी, खुफिया जानकारी जुटाने, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और हमले के लिए नए विकसित उपकरणों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों को तेजी से विकसित करना और सेना में शामिल करना जरूरी है। उत्तरी कोरिया का यह कदम उसकी सैन्य ताकत को बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है।

उत्तरी कोरिया ने पिछले कुछ समय से ड्रोन विकसित करने पर जोर दिया है, जिसमें आत्मघाती ड्रोन भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट पिछले एक साल से रूस के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी का हिस्सा है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिकों को भी भेजा है। इससे पहले अगस्त 2024 में भी किम ने आत्मघाती ड्रोन का परीक्षण देखा था और कहा था कि सेना को जल्द से जल्द इनसे लैस करना चाहिए।

## अब हमारी बारी', यूक्रेन से जंग के बीच भारत आएंगे पुतिन, पीएम मोदी को लेकर कह दी ये बात

मॉस्को ,(आरएनएस)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत- रूस के बीच राजनीतिक वार्ता 'गतिशील रूप से विकसित हो रही है', इसमें यह तथ्य प्रमुख है कि मॉस्को और नई दिल्ली 'उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर मिलते-जुलते विचार रखते हैं।' लावरोव ने कहा, हमारे देशों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत पुराना है। यह कहा जा सकता है कि वे समय की कसौटी पर एक से अधिक बार खरे उतरे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'रूस और भारत द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नए एजेंडे की ओर' में भाषण दे रहे थे। इस सम्मेलन को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी संबोधित किया। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, यह प्रतीकात्मक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल दोबारा चुने जाने के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा पर रूस आते हैं। अब हमारी बारी है। रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्र प्रमुख की भारत यात्रा की तैयारियां की जा रही हैं। इससे पहलेक्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पुष्टि की थी कि प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर पुतिन 2025 की शुरुआत में भारत का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था, हमारे नेताओं के बीच साल में एक बार मिलने का समझौता है। इस बार, हमारी बारी है। रूसी राष्टपति की पिछली भारत यात्रा 6 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। इस बीच, पीएम मोदी ने पिछले साल रूस की दो हाई-प्रोफाइल यात्राएं कीं, जुलाई में 22वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लिया और बाद में अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।



# डॉक्टरों का कमाल, पहली बार सुअर के लीवर को इंसान के शरीर में किया गया ट्रांसप्लांट



बीजिंग (आरएनएस)। दुनिया में पहली बार चीन के डॉक्टरों ने आनुवंशिक रूप से सुअर के लीवर को एक ब्रेन डेड इंसान में ट्रांसप्लांट किया है। डाक्टरों द्वारा की गई इस पहल को लेकर दुनिया हैरान है कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। डाक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक सुअर एक ऐसा जानवर है, जिसके अंग इंसान में भी फिट हो सकते हैं। जैसे पिछले कुछ सालों में संयुक्त राज्य अमेरिका में कई इंसानों को किडनी और हार्ट लगाया गया है, जो अभी ठीक से अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। इसके पहले लीवर को लेकर कई प्रयास हुए लेकिन सफल नहीं हुए। अब चीन के डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि हमने सुअर के लीवर को इंसान में ट्रांसप्लांट किए हैं।चीन के शीआन में फोर्थ मिलिट्री मेडिकल यूनिवर्सिटी के शिजिंग अस्पताल के डॉ. लिन वांग ने इस मामले को इस सप्ताह एक ब्रीफिंग में बताया। इसके साथ ही डॉक्टरों ने नेचर पत्रिका के एक रिसर्च में इस सफलता की बात भी की है। इस प्रत्यारोपण के बाद शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि जीन संशोधित सुअर गंभीर रूप से बीमार रोगियों को कम से कम अस्थायी राहत दे सकते हैं। जबकि दुनिया में लीवर की मांग बढ़ती जा रही है। जर्नल नेचर में बताया कि ब्रेन-डेड व्यक्ति में प्रत्यारोपित सुअर का लीवर 10 दिनों तक जीवित रहा, जिसमें कोई शुरुआती परेशानी के लक्षण नहीं थे। उन्होंने कहा कि सुअर के लीवर ने पित्त और एल्बुमिन का उत्पादन किया जो बुनियादी अंग कार्य के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि उतना नहीं जितना कि मानव लीवर करता है। लीवर इंसान को जिंदा रखने में कई सारी भमिका निभाता है जिसमें अपशिष्ट को निकालना, पोषक तत्वों और दवाओं को तोड़ना, संक्रमण से लड़ना, लोहे को संग्रहीत करना और रक्त के थक्के को नियंत्रित करना शामिल है।

### बड़ा हादसा टला

## उड़ान भरते ही एयर एशिया विमान के इंजन में लगी आग, बाल-बाल बचे 171 यात्री

कुआलालंपुर (आरएनएस)। मलेशिया से चीन जाने वाले एयर एशिया के एक विमान को उड़ान भरने के कुछ ही समय के बाद वापस कुआलालंपुर लैंड कराया गया, इसके पीछे का कारण है कि इस विमान के एक इंजन में आ लग गई थी। मलेशियाई अधिकारियों ने बताया कि चीन के शेन्जेन जाने वाले एयर एशिया के एक विमान AK128 के इंजन में आग लगने के कारण कुआलालंपुर वापल लौट आया और उसे सुरक्षित रूप से उतारा गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



सेलंगोर राज्य अग्निशमन विभाग ने एक बयान जारी कर कहा, चीन के शेन्जेन के लिए रवाना हुई फ्लाइट में बुधवार को रात 9.59 बजे उड़ान भरने के कुछ ही समय के बाद 'न्यूमेटिक डक्टिंग' के फटने के कारण दाहिने इंजन में आग लगने के बाद कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौट आई। विभाग ने कहा, विमान के इन-बिल्ट सिस्टम ने आग को पूरी तरह से बुझा दिया था। विमान में 171 यात्री और चालक दल सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने सभी यात्री और चालक दल को सुरक्षित विमान से बाहर निकाला और आगे कोई आग न भड़के, ये सुनिश्चित करने के लिए जांच की गई।

## दक्षिण कोरिया के जंगल में नहीं थम रही आग से तबाही , 26 लोगों की मौत, 30 घायल

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नॉर्थ ग्योंगसांग में लगी अब तक की सबसे बड़ी जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मी हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस आग में अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 अन्य लोग घायल हुए हैं।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगी जंगल की आग ने भारी तबाही मचाई है और लगभग 36,000 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। यह आग 2000 में पूर्वी तट पर लगी जंगल की आग से लगभग 13,000 हेक्टेयर ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। उस समय की आग में 23,794 हेक्टेयर जंगल जल गया था। लगभग 37,000 लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं, जिनमें उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के उइसियोंग और अंडोंग इलाकों के 29,911 लोग शामिल हैं। इससे पहले कार्यवाहक दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति हान डक-सू ने कार्यवाहक आंतरिक मंत्री की-डोंग को उत्तर ग्योंगसांग प्रांत में रहकर आग पर काबू पाने तक प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों की देखरेख करने का आदेश दिया। हान ने कहा, यह बहुत चिंता की बात है कि पीड़ितों में से कई बुजुर्ग लोग हैं, जिनमें नर्सिंग अस्पतालों के मरीज भी शामिल हैं।



# कलेक्टर श्री बालागुरू के ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

## कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था पर घोर नाराजगी व्यक्त की, दुरूस्त करने के निर्देश दिए
## नये भवन में ओपीडी प्रारंभ करने और पंजीयन की प्रक्रिया व्यवस्थित करने के निर्देश

सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों और अस्पताल में संचालित सेवाओं के साथ पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही सेवाएं-सुविधाएं देखी तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कक्ष, ओपीडी, सोनोग्राफी, दवा वितरण सहित अनेक कमरों में संचालित सेवाओं का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने अस्पताल की साफ-सफाई पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि प्रतिदिन नियमित अस्पताल का भ्रमण कर अस्पताल में स्वच्छता बनाये रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति और मरीजों की जांच के बारे में जानकारी लेते हुए अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं मरीजों को त्वरित और बेहतर ढंग से प्रदान करने के चिकित्सकों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर डेहरिया सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने यह दिए निर्देश**

कलेक्टर बालागुरू के ने नये भवन में ओपीडी प्रारंभ करने तथा मरीजों के ऑनलाइन पंजीयन एवं पर्ची प्रक्रिया को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार काउंटर बढ़ाए जाएं ताकि मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने अस्पताल की बंद लिफ्ट को शीघ्र चालू कराने तथा भवन की पुताई कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल और पूरे परिसर की सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने अस्पताल में आने वाले वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और अस्पताल स्टॉफ अपने ड्यूटी टाइम में समय पर उपस्थित रहें तथा मरीजों और मरीजों के परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। कलेक्टर बालागुरू के ने सीएमएचओ सहित सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें।

## राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर( निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 28 मार्च 2025 को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 01 बजे इछावर जनपद के ग्राम पचामा में आयोजित कार्यक्रम में बाउण्ड्रीबॉल का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा ग्राम पचामा से प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे ग्राम रायपुरा नयाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में चादर शेड का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## क्षेत्रवासियों को मिलेगी जर्जर सड़क से मुक्ति, 13 लाख की सौगात



सीहोर( निप्र)। क्षेत्रवासियों के द्वारा लंबे समय से वार्ड क्रमांक चार में गौशाला से सीवन लाइफ कालोनी तक का मार्ग नहीं होने और खस्ताहाल मार्ग होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर वार्ड के पार्षद राजेश मांझी ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। गुरुवार को समस्या का निदान करते हुए करीब 13 लाख से बनाए जाने वाले रोड का भूमि पूजन करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य का समय सीमा में कार्य करने का निर्देश दिया है। वार्डवासियों ने नाली निर्माण के अलावा अन्य परेशानियों के बारे में नपाध्यक्ष श्री राठौर को अवगत कराया।गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर शहर के वार्ड क्रमांक चार में सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान पहुंचे थे। इस मौके पर पंडित मोहित पाठक सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पार्षद श्री मांझी ने सादगी के साथ नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया। कार्यक्रम में मांगीलाल मालवीय, संतोष शाक्य, मुकेश मेवाड़ा, कमलेश राठौर, कमलेश कुशवाहा, ताम्रकार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानारायण ताम्रकार के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

## बीएसआई मैदान पर खेली जा रही जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

### *कृष्णा ब्लास्टर ने रोमांचक मैच में सीहोर सुपर किंग को एक रन से हराया*

सीहोर( निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान खेली जा रही जूनियर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मैच खेले गए, जिसमें एक रोमांचक मुकाबले में कृष्णा ब्लास्टर ने सीहोर सुपर किंग को एक रन और एक अन्य मुकाबले में साइबेरिया पैंथर ने काका लायंस को 38 रन से हराया।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 143 रन बनाए थे। इसमें अंशु ने 44 गेंद पर 58 रन, अंशुल राठौर ने 21 रन और आनंद ने 22 रन की पारी खेली। वहीं सुपर किंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन-सक्षम ने दो-दो विकेट के अलावा रचित जोशी-ऋषभ ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग पांच विकेट पर 142 रन ही बना सकी। इसमें उर्स भारती ने 53 रन, सक्षम ने 60 रन और इशान ने 10 रन बनाए थे। इधर दर्शिल, अंशु सोनी, अंशुल राठौर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## पीजी कालेज पर जारी विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**जेएनसी ने चाणक्यपुरी क्लब को 67 रन के अंतर से हराया**

सीहोर( निप्र)। शहर के भोपाल नाका स्थित पीजी कालेज मैदान पर भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह प्रतियोगिता में एक मात्र मैच खेला गया। जिसमें जेएनसी ने चाणक्यपुरी क्लब को 67 रन के विशाल अंतर से हराया। आयोजक जितेन्द्र यादव ने बताया कि गुरुवार को खेले गए मैच के दौरान पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेएनसी ने निर्धारित आठ ओवर में 167 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें शाहिल ने 50 रन, हर्ष ने 35 रन, राहुल ने 22 रन और रोशन ने 18 रन की पारी खेली। वहीं चाणक्यपुरी की ओर से हिमांशु-दुर्गेश ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चाणक्यपुरी की टीम 100 रन ही बना सकी। इमें ऋषभ ने 33 रन, रितेश ने 19 रन बनाए थे। इधर जेएनसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष ने दो विकेट, अंशुल, शाहिल और कमलेश ने एक-एक विकेट हासिल किया। का मैन आफ द मैच भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने प्रदान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी शामिल थे।

**नवरात्रि के चलते दिए निर्देश**

## पहाड़ी पर गाड़ी निरंतरित होकर चलाएं तय किराया लेना क्षमता अनुसार सवारी बैठालें



सलकनपुर (संजय कलमोर)। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना रेहटी अंतर्गत चौकी सलकनपुर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर मन्दिर परिसर में लगने वाली दुकान के संचालकों को आपदा प्रबंधन के तहत SDRF सीहोर के पीसी महेंद्र पाटीदार एवं टीम के द्वारा सभी दुकानदारों को अग्नि शमन यंत्र के बारे मे एवं उक्त यंत्र से आग बुझाने की ट्रेनिंग दी गई एवं डेमोंस्ट्रेशन करके दिखाया गया चौकी सलकनपुर पर नवरात्रि के दौरान चलने वाली शटल गाड़ियों के फिटनेस एवं कागजात को RTO सीहोर के द्वारा एवं MTO अधिकारी सीहोर के द्वारा सभी गाड़ियों को चेक किया गया एवं सभी वाहन चालकों का वेरिफिकेशन किया फाइल तैयार की गई ।इसके अतिरिक्त टैक्सी चालकों की मीटिंग लेकर उन्हें पहाड़ी क्षेत्र में सावधानी से वाहन चलाने, तय किराया लेना और क्षमता अनुसार यात्री बैठाने के निर्देश दिए गए । उपरोक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार रेहटी नायब तहसील दार रेहटी थाना प्रभारी रेहटी चौकी प्रभारी सलकनपुर उपस्थित रहे।

## सेवदा उप स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा आष्टा विकासखंड के सेवदा उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। टीम द्वारा मानक जांच के पश्चात सेवदा उप स्वास्थ्य केंद्र को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेंवाएं मिल सकें।

## सात वर्षीय सारा खान रख रही रोज़े, कर रही खुदा की इबादत

भैरुंदा(**संजय कलमोर** )। उम्र तो छोटी है लेकिन नीयत बड़ी है। तभी तो सिर्फ 7 साल की उम्र में सारा खान रोजे रखकर खुदा की इबादत कर रही है। भैरुंदा के समीपस्थ ग्राम सोठिया की एक सात वर्षीय बालिका ने गुरुवार को 26वां रोजा रखकर खुदा की इबादत की। सारा खान के पिता आशिफ खान ने बताया कि भूख, प्यास की सख्ती बर्दाश्त करते हुए नेक दिली का सबूत दिया। सारा खान ने पीछे वर्ष भी रोजे रखकर खुदा की इबादत की थी और इस वर्ष भी वह संपूर्ण रोज़े रख रही है। वही सारा खान ने कहा कि मम्मी, पापा व परिवार के अन्य सदस्य भी रोज़ा रखते हैं तथा पांच वक्त की नमाज अदा करते है। इसलिए वह भी प्रतिदिन रोज़े रखकर अल्लाह तआला का शुक्र अदा कर रही है।



इस प्रकार से रमजान माह में छोटी सी उम्र के बच्चों में भी रोज़ा रखने का उत्साह देखा जा रहा है। चिलचिलाती धूप व तेज गर्मी के बाद भी बच्चे रोजे रखने में पीछे नहीं रह रहे हैं।

## कबड्डी में कीर्तीमान रचेंगी बरखेड़ा हसन की छात्राएं

**विधायक ने प्रदान की कबडडी खेलने के लिए किट**

सीहोर( निप्र)। कबडडी खिलाड़ी ग्रामीण छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए विधायक सुदेश राय ने गुरूवार को बरखेड़ा हसन छात्रावास की अधीक्षिका को विधायक कार्यालय आमंत्रित कर कबडडी किट प्रदान किया। खेल और युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के द्वारा विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा हसन में संचालित छात्रावास में रहने वाली कबडडी खिलाड़ी छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए कबडडी किट स्वीकृत किया गया है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र की छात्राऐं भी खेल के मैदान में बेहतरीन प्रदर्शन करती है,अब छात्राओं को कबडडी की प्रेस्टिस करने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होने कहा कि सीहार से दो वाहनों में भरकर उनके छात्रावास कबडडी किट भेजा जा रहा है।



## जिले में चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

## नये तालाब बनेंगे, पुराने तालाबों, बावड़ियों तथा कुँओं का होगा जीर्णोद्धार

### कलेक्टरग बालागुरू के ने अधिकारियों को दिए निर्देश




सीहोर( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। साथ ही सघन वृक्षारोपण भी होगा। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर आगामी 30 जून तक सतत चलेगा। यह जानकारी कलेक्टर बालागुरू ने कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में दी। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार यह अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जल है तो कल है , जल से आने वाली पीढ़ी का भविष्य जुड़ा हुआ है। जल चिन्ता व चिंतन दोनों का विषय है। जल हमारी धरोहर है। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में जल और वृक्षों की पूजा का बड़ा महत्व है, इसको देखते हुए इस अभियान को बेहतर और प्रभावी रूप से क्रियान्वित करना होगा। इस अभियान को समाज के हर वर्ग की भागीदारी से जन आंदोलन बनाया जायेगा। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि इस अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में चलाया जायेगा। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत शुरुआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जायेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 30 मार्च 2025 से की जायेगी। इस अभियान में जल स्त्रोतों और देवालयों की सफाई की योजना बनाई जाएगी। यह संतों, जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के ने जल गंगा संवर्धन अभियान के सभी नोडल अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।



## निजी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

सीहोर( निप्र)। श्यामपुर तहसीलदार श्याम चंदेले के आदेशानुसार पटवारी एवं आर आई द्वारा जिले ग्राम करंजखेड़ा स्थित निजि भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम करंजखेड़ा निवासी सत्यनारायण शर्मा की इस निजि भूमि पर ग्राम नोनीखेड़ी निवासी श्रीमती रूपवती बाई एवं उनके पुत्रों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, जिस कब्जे को हटवाकर सत्यनारायण को कब्जा दिलाया गया। यह कार्रवाई पटवारी मुकेश वर्मा, आरआई धीरेंद्र वर्मा सहित पुलिस आरक्षकों द्वारा की गई।

## धान उपार्जन से संबंधित शिकायतों की जांच के लिये जांच दल गठित करने के निर्देश

सीहोर( निप्र)। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अन्तर जिले में उपार्जन केन्द्रों से दी गई धान के सत्यापन एवं अन्य शिकायतों की जांच के लिये जांच दल गठित कर कार्यवाही 7 दिन के अंदर विस्तृत जांच करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये गये हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देश दिये हैं। जांच दल के अध्यक्ष कलेक्टर द्वारा नामांकित अपर/संयुक्त/डिप्टी कलेक्टर होंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक/ खाद्य अधिकारी संयोजक होंगे। उप/सहायक आयुक्त सहकारिता/ महाप्रबंधक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन और जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन सदस्य होंगे। जांच दल द्वारा उपार्जित धान, धान परिवहन, धान जमा, धान कमी की मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय की मात्रा, धान उठाव की मात्रा और मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा की विस्तृत जांच की जाएगी।

## मार्च में शासकीय अवकाश के दिन भी खुल रहे हैं पंजीयक कार्यालय

सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिले के नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये मार्च 2025 में सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिए खुल रहे हैं। ताकि नागरिकों को अपने पंजीयक कार्यालय संबंधी कार्यों में कोई असुविधा न हो।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला-सीहोर ( म.प्र. )**

सीहोर, दिनांक 12/03/2025

---000जाहिर सूचना000---

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि थाना भैरूंदा के अपराध क्रमांक 351/2024 म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) में जप्तशुदा वाहन सफेद रंग की जेस्ट कार क्रमांक MP-09-CU-5831 तथा सिल्वर कलर की स्विफट कार क्रमांक MP-09-CJ-5155 एवं 81 लीटर देशी मदिरा के राजसात करने बावत माननीय न्यायालय कलेक्टर सीहोर जिला सीहोर से जारी कारण बताओं सूचना पत्र पृष्ठांकन क्रमांक 2752/रीडर-1/25, सीहोर दिनांक 11.03.2025 को जारी कर उक्त प्रकरण में क्रमशः श्री राहुल अहिरवार आ0 मुंशीलाल अहिरवार निवासी- ग्राम तोरनिया पोस्ट झरखेडा पिनकोड 452001 तथा श्री विजय कुमार झा आ0 पदमानंद निवासी- 401/576 शिवसिटी राउ निहालपुरा म.प्र. को माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीहोर द्वारा नियत दिनांक 01.04.2025 को पूर्वान्ह उपस्थित होने हेतु सूचित किया जाता है।

अतः उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीहोर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।

जी/24838/24

जिला आबकारी अधिकारी
जिला सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## सृजन पोर्टल पर विद्यार्थी 19 अप्रैल तक कर सकेंगे नवाचारों के प्रोजेक्ट अपलोड

सीहोर( निप्र)। सृजन पोर्टल पर, शोधार्थी विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स विवरण अपलोड करने की सुविधा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम 25 मार्च से शुरू कर दी गई है। सृजन पोर्टल पर संबंधित संस्थाओं द्वारा अप्लाई किये जाने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत विवरण अपलोड करने की व्यवस्था की गई है। संस्थान अपने विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट, सृजन कार्यक्रम के पोर्टल https: //sri-jan.rgpv.ac.in/ पर अपलोड कर सकते हैं। विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स विवरण 19 अप्रैल तक पोर्टल में जमा किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा अपलोडेड प्रोजेक्ट्स की प्रारंभिक समीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होगी। प्रत्येक प्रोजेक्ट की टीम में 1 फैकल्टी मेंबर और अधिकतम 4 विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे। ज्यूरी के माध्यम से प्रत्येक श्रेणी में प्रथम 50 प्रोजेक्ट्स को चयनित किया जाएगा। डिस्प्ले योग्य 30 प्रोजेक्ट्स को प्रत्येक श्रेणी में डिस्प्ले के लिए अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन शिक्षा और उद्योग विशेषज्ञों के संयुक्त दल द्वारा किया जाएगा। शीर्ष 150 प्रोजेक्ट्स का चयन कर अंतिम सूची 30 अप्रैल को जारी कर दी जाएगी। प्रदर्शनी स्थल पर सभी चयनित प्रोजेक्ट लीडर्स को 9 मई को रिपोर्टिंग करनी होगी। प्रदर्शनी का शुभारम्भ 10 मई को होगा। कार्यक्रम का समापन 11 मई को, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर किया जाएगा। सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए तीन प्रकार के मॉडल निर्धारित किए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com